
वर्ष-10, अंक-173
इन्दौर, शनिवार
21 सितम्बर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना
RNI-MPHIN/2013/53761

**चाणक्य नीति**
दूसरों की गलतियों से सीखों, अपने ही अनुभव से सीखने को तुम्हारी आयु कम पड़ जाएगी।
-चाणक्य



इन्दौर प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

## सुप्रीम कोर्ट का यूट्यूब चैनल हैकः हैकर्स ने क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ा वीडियो लाइव किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के सर्वोच्च न्यायालय यानी की सुप्रीम कोर्ट का यूट्यूब चैनल हैक कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक, अब चैनल पर Supreme Court Of India की जगह पर Ripple नाम का चैनल दिखाई दे रहा है। पहले जहां इस चैनल पर सुप्रीम कोर्ट से जुड़ा वीडियो आते थे तो वहीं, अब पूरे चैनल पर क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े वीडियो सामने आ रहे है। शीर्ष अदालत संवैधानिक पीठों के समक्ष सूचीबद्ध मामलों और जनहित से जुड़े मामलों की सुनवाई स्ट्रीम करने के लिए यूट्यूब का उपयोग कर रही है। माना जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट के वीडियोज को हैकर्स ने प्राइवेट कर दिया गया है। बार एंड बेंच के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट का प्रशासन फिलहाल यूट्यूब चैनल की हैकिंग की जांच कर रहा है। कुछ साल पहले सुप्रीम कोर्ट ने संविधान पीठ के महत्त्वपूर्ण मामलों में अपनी कार्यवाही को लाइव स्ट्रीम करने का फैसला किया था। कोर्ट ने माना था कि लाइव स्ट्रीमिंग की कार्यवाही संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत न्याय तक पहुँचने के अधिकार का हिस्सा है। कोर्ट सुनवाई को लाइव स्ट्रीम करने के लिए यूट्यूब का उपयोग कर रही है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में महिला डॉक्टर से बलात्कार और हत्या मामले की सुनवाई को यूट्यूब पर लाइव स्ट्रीम किया था।



### क्या है मामला ?

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के यूट्यूब चैनल पर शुक्रवार को अमेरिकी कंपनी 'रिपल लैब्स' निर्मित 'क्रिप्टोकरंसी' के प्रचार वाला एक वीडियो दिखाई देने लगा। हालांकि, वीडियो को खोलने पर उस पर कुछ दिखाई नहीं दिया। वीडियो के नीचे एक कैप्शन लिखा था, ब्रैड गार्लिंगहाउस- रिपल रेसपोंड्स टू द एसईसी 2 बिलियन डॉलर फाइन! एक्सआरपी प्राइज प्रेडिक्शन। सर्वोच्च न्यायालय संविधान पीठों के समक्ष सूचीबद्ध और जनहित से जुड़े मामलों की लाइव सुनवाई को स्ट्रीम करने के लिए यूट्यूब का इस्तेमाल करता है। तत्कालीन सीजेआई यूयू ललित की अध्यक्षता में पूर्ण न्यायालय की बैठक में लिए गए एक सर्वसम्मत निर्णय लिया गया था। इसके तहत शीर्ष न्यायालय ने 2018 में मामले पर एक महत्वपूर्ण फैसले के बाद सभी संविधान पीठ की सुनवाई की कार्यवाही को लाइव-स्ट्रीम करने का निर्णय लिया था।

## मध्यप्रदेश उद्योगपतियों का पलक पांवड़े बिछाकर स्वागत करता है : मुख्यमंत्री

**भोपाल , राष्ट्रीय जनभावना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विकास के कारवां में सरकार को उद्योगपतियों के साथ बराबरी से चलना होगा। हम उद्योगपतियों के साथ सकारात्मक और सहयोगी दृष्टिकोण से कार्य के इच्छुक हैं। मध्यप्रदेश उद्योगपतियों का पलक पांवड़े बिछाकर स्वागत करता है। उन्होंने कहा कि युक्ति, बुद्धि, क्षमता, योग्यता में भारतीय विश्व में अग्रणी हैं, लेकिन उपलब्धियां अर्जित करने के लिए शासन की सकारात्मक सोच और अनुकूलता आवश्यक है। शासन के सभी अंगों में समन्वय, और सहयोगी वातावारण से ही परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। मध्यप्रदेश में सभी औद्योगिक सेक्टर के लिए पर्याप्त संभावनाएं विद्यमान हैं। प्रदेश, कोयम्बटूर हो या कोलकाता, सभी क्षेत्रों के लोगों की उद्यमशीलता और सृजनशीलता को प्रदेश आमंत्रित करता है। राज्य सरकार हर संभव सहयोग और सहायता देने को तत्पर है। रेडीमेड गारमेंट, माइनिंग, ऊर्जा हो या पर्यटन का सेक्टर, सभी क्षेत्रों



के मध्यम एवं भारी उद्योग प्रदेश में आमंत्रित हैं, राज्य सरकार की औद्योगिक नीतियां पर्याप्त लचीली और समावेशी हैं। राज्य सरकार खुले दिल से उद्योगों का स्वागत करने के लिए आतुर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर कोलकाता में आयोजित रोड-शो और उद्योगपतियों व औद्योगिक संगठनों से चर्चा के सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कोलकाता के होटल जे.डब्ल्यू. मैरियट में दीप प्रज्ज्वलित कर समिट का शुभारंभ किया। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के सभी क्षेत्रों के संतुलित आर्थिक विकास के लिए राज्य के सभी अंचलों में निवेश व औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ाने के उद्देश्य से देश के बड़े औद्योगिक नगरों में रोड-शो द्वारा उद्योगपतियों से चर्चा के क्रम में कोलकाता में सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रेसीडेंट सीआईआई एवं आईटीसी समूह के अध्यक्ष व एमडी श्री संजीव पुरी, मध्यप्रदेश बिरला ग्रुप के एमडी व सीईओ श्री संदीप घोष, स्वरा हाइजीन प्रा.लि. के एमडी श्री आलोक बिरला, टाटा स्टील्स के एम.डी. श्री संदीप कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे। कोलकाता समिट में खाद्य प्र-संस्करण, रसायन, सीमेंट, स्टील, प्लास्टिक और नवकरणीय ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों से 19 हजार 270 करोड़ रुपये के निवेश प्राप्त हुए, जिससे 9,450 रोज़गार के अवसर सृजित होंगे। शुभारंभ सत्र में मध्यप्रदेश में औद्योगिक विस्तार और निवेश के लिए उपलब्ध अधोसंरचना, सुविधाओं व अन्य संभावनाओं पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। उद्योगपतियों और सरकार के बीच सीधे संवाद के इस महत्वपूर्ण मंच पर मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों को बढ़ावा देने और व्यापारिक संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के उद्देश्य से देश-विदेश से आए लगभग 700 डेलिगेट्स और कई देशों के कांसुलेट एवं प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था ने 11वें स्थान से छलांग लगाकर विश्व में 5वें स्थान की अर्थव्यवस्था के रूप में स्वयं को स्थापित किया है। इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का अभिनंदन है। प्रधानमंत्री श्री मोदी देश की अर्थव्यवस्था को विश्व की तीसरे नम्बर की अर्थ-व्यवस्था बनाने के लिए प्रयासरत हैं। मध्यप्रदेश भी प्रधानमंत्री श्री मोदी के इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये पूरी प्रतिबद्धता से प्रयासरत है।

## चुनाव के बीच अचानक हरियाणा पहुंचे राहुल गांधी

### अमेरिका में घायल हुए युवक के परिजन से मिले

**करनाल (एजेंसी)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच राहुल गांधी शुक्रवार सुबह करनाल पहुंचे। यहां उन्होंने एक युवक के परिवार से मुलाकात की, जिससे वे अमेरिका दौरे के समय मिले थे।



राहुल ने युवक के घर पहुंचकर उसे वीडियो कॉल भी किया। राहुल शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 5 बजे करनाल के घोघड़ीपुर गांव पहुंचे थे। राहुल के दौरे के बारे में न तो स्थानीय कांग्रेस नेताओं को सूचना थी न पुलिस प्रशासन को। राहुल गांधी अमेरिका दौरे के समय हरियाणा के रहने वाले अमित कुमार नाम के युवक से मिले थे। वह ट्रक ड्राइवर है और एक्सीडेंट के बाद अमेरिका के ही अस्पताल में भर्ती है। राहुल से मुलाकात में अमित ने बताया था कि गांव के युवा विदेश जा रहे है, क्योंकि वहां रोजगार नहीं है। राहुल ने अमित से वादा किया था कि भारत में वे उसके घरवालों से जरूर मिलेंगे। उन्होंने वीडियो कॉल पर परिवार से बात कराने की बात भी कही थी। राहुल गांव में अमित की मां बीरमती से मिले। बीरमती ने कहा, %सुबह 5 बजे पहले राहुल के बॉडीगार्ड आए। उन्होंने हमें सोते से उठाया था। इसके बाद करीब 6 बजे राहुल गांधी पहुंचे थे। वे करीब डेढ़ घंटा यहां रुके। उन्होंने परिवार का हाल पूछा और वीडियो कॉल पर अमेरिका में अपने ही मोबाइल से अमित से भी बात की। बड़ी बात यह है कि देश के राजा गरीब की कुटिया में आए।

## यूपी के 450 गांव डूबे, बिहार में गंगा उफनाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूपी में लगातार बारिश से 21 जिलों के 450 से ज्यादा गांवों में बाढ़ जैसे हालात हैं। गंगा, यमुना, घाघरा, शारदा, सरयू नदियां उफान पर हैं। कानपुर 2000 घर बाढ़ में डूब गए हैं। कई मकान ढह गए। 10 हजार लोगों को रेस्क्यू किया गया है। उधर, पटना में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। वैशाली में भी गंगा के उफान पर होने से राघोपुर दियारा की सड़कों पर बाढ़ का पानी आ गया है। हिमाचल प्रदेश में बारिश के चलते NH-5 (भारत-तिब्बत) समेत



37 सड़कें बंद कर दी गई हैं। पश्चिम बंगाल में भी कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। इसमें 3 लोगों की मौत हो चुकी है। 2.5 लाख लोग प्रभावित हैं। CM ममता बनर्जी ने कहा- यह केंद्र की साजिश है। यह बाढ़ केंद्र सरकार की लापरवाही का नतीजा है। यह पानी बंगाल का नहीं, बल्कि झारखंड का है। झारखंड बॉर्डर को 3 दिन बंद रखा जाएगा। यह पानी दामोदर घाटी निगम के डैम से छोड़ा गया है। DVC का कंट्रोल केंद्र के हाथ में होता है। उन्होंने पूरा पानी बंगाल में छोड़ दिया। ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लेटर लिखकर बाढ़ से निपटने के लिए फंड जारी करने को कहा है। उन्होंने लिखा कि 2009 के बाद राज्य में ऐसी बाढ़ आई है। DVC ने मामला गंभीरता से नहीं लिया तो बंगाल सरकार DVC से संबंध तोड़ देगी।

## बंगाल चुनाव में हिंसा मामले पर CBI को फटकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में 2021 विधानसभा चुनाव के दौरान हुई हिंसा के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को CBI की याचिका खारिज कर दी और उसे फटकार भी लगाई। दरअसल, इस हिंसा की जांच CBI कर रही है। उसने दिसंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाकर मामलों की सुनवाई राज्य के बाहर करवाने की मांग की थी। CBI ने याचिका में कहा था कि पश्चिम बंगाल की अदालतों में शत्रुतापूर्ण माहौल है। गवाहों को डराया-धमकाया जा रहा है। इस पर जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस पंकज मित्तल की बेंच ने शुक्रवार को सुनवाई की। कोर्ट ने CBI के वकील स्त्र एसवी राजू से कहा, आप पश्चिम बंगाल में पूरी न्यायपालिका पर सवाल खड़ा नहीं कर सकते। इसका आधार क्या है? आप ऐसा दिखा रहे हैं, जैसे पूरे पश्चिम बंगाल में शत्रुतापूर्ण माहौल है।

### बंगलादेश के पूर्व योजना मंत्री गिरफ्तार

**ढाका।** बंगलादेश के पूर्व योजना मंत्री एवं अवामी लीग के वरिष्ठ नेता एमए मन्नान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के हवाले से बताया कि शेख हसीना सरकार में 2014 से 2024 तक मंत्री रहे श्री मन्नान को सुनामगंज जिले में उनके घर से गिरफ्तार किया गया।

## तिरुपति लड्डू में एनिमल फैट, फिश ऑयल था

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने आंध्र सरकार से रिपोर्ट मांगी; मंदिर ने जांच कमेटी बनाई

**अमरावती (एजेंसी)।** तिरुपति मंदिर के 300 साल पुराने किचन में रोजाना 3.50 लाख लड्डू बनते हैं। तिरुमाला ट्रस्ट हर साल प्रसादम से सालाना 500 करोड़ रुपए कमाता है। तिरुपति मंदिर के लड्डू में जानवरों की चर्बी और मछली का तेल मिलने का विवाद दिल्ली तक पहुंच गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश सरकार से रिपोर्ट मांगी है। स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को कहा, मैंने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू से बात की है। मंदिर के प्रसाद (लड्डू) की जांच कराई जाएगी। यह विवाद तब शुरू हुआ जब राज्य के ष्टरू नायडू की पार्टी



TDP ने बुधवार को यह आरोप लगाया कि राज्य में ड्ड्स्क्रकांग्रेस की सरकार के कार्यकाल में तिरुपति मंदिर में मिलने वाले लड्डू (प्रसादम्) में जानवरों की चर्बी वाला घी और फिश ऑयल मिलाया गया था। इसके अगले दिन ञ्ञ्ठ्ठक्क ने एक लैब रिपोर्ट दिखाकर अपने आरोपों की पुष्टि का दावा किया। इसके खिलाफ ड्ड्स्क्रकांग्रेस ने हाईकोर्ट से नायडू के आरोपों की जांच के लिए एक कमेटी बनाने की मांग की। कोर्ट इस पर 25 सितंबर को सुनवाई करेगा। तिरुपति मंदिर के 300 साल पुराने किचन में रोजाना 3.50 लाख लड्डू बनते हैं। तिरुमाला ट्रस्ट हर साल प्रसादम से सालाना 500 करोड़ रुपए कमाता है।

### बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 293 हुई

**यांगून।** म्यांमार में शक्तिशाली तूफान 'यागी' के कारण भारी बारिशवर्षा से आयी अचानक बाढ़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 293 हो गई है, जबकि 89 लोग अभी भी लापता हैं। बाढ़ में केंद्र शासित प्रदेश ने पी ताव सहित देश भर के क्षेत्रों और प्रांतो में कई कस्बे प्रभावित हुये हैं।

## कांग्रेस के अंदर देशभक्ति दम तोड़ चुकी हैः मोदी

**वार्धा (महाराष्ट्र), (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की हाल की विदेश यात्रा में उनके विवादास्पद बयानों को लेकर कांग्रेस की तीखी आलोचना की और कहा कि आज की कांग्रेस महात्मा गांधी की कांग्रेस नहीं रह गयी है, इस पार्टी में देश भक्ति दम तोड़ चुकी और इस पर नफरत का भूत सवार हो चुका है। श्री मोदी संसद में नेता प्रतिपक्ष का नाम



लिए बिना कहा कि आज कांग्रेस के नेता विदेश जा कर देश विरोधी एजेंडा चलाते हैं और भारतीय संस्कृत तथा यहां के लोगों की आस्था का अपमान करते हैं। श्री मोदी कारीगरों की सहायता के लिए चल रहे केंद्र सरकार के विश्वकर्मा कार्यक्र पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि यहां वार्धा आश्रम महात्मा गांधी और आचार्य विनोबा भावे जैसे महापुरुषों की कार्यस्थली और सामाजिक प्रयोगशाला रही है। प्रधानमंत्री कहा, आज जो कांग्रेस हम देख रहे हैं, ये वो कांग्रेस नहीं है ।

### जालना में भीषण सड़क हादसा

## बस-ट्रक की टक्कर में छह की मौत

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के जालना जिले में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में एक बस और ट्रक की टक्कर हो गई, जिसमें छह लोगों की मौत की खबर है। हादसे में 17 लोग घायल हुए हैं। हादसा शुक्रवार सुबह वादीगोदरी-जालना के रास्ते पर शाहपुर के नजदीक हुआ। पुलिस ने बताया कि महाराष्ट्र सड़क परिवहन की बस गेवरई से जालना जा रही थी। वहीं संतरों से भरा ट्रक अंबाड से आ रहा था। शाहपुर के नजदीक दोनों की



टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि घायलों को बस की खिड़कियां तोड़कर निकाला गया। हादसे में छह लोगों की मौत हुई है और 17 अन्य घायल हैं। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अंबाड और जालना के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे की वजह की जांच की जा रही है।

### चीन ने छह नये उपग्रहों का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया

**बीजिंग।** चीन ने शुक्रवार को उत्तरी चीन के शांक्सी प्रांत में ताइयुआन सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से छह नए उपग्रह अंतरिक्ष में भेजे। जिलिन-1 कुआनफू 02बी 01-06 उपग्रहों को लॉन्ग मार्च-2डी वाहक रॉकेट पर स्थानीय समयानुसार अपराह्न 12:11 बजे प्रक्षेपण किया गया। सभी उपग्रहों का सफलतापूर्वक पूर्व निर्धारित कक्षा में प्रवेश हुआ। यह प्रक्षेपण लॉन्ग मार्च वाहक रॉकेट श्रृंखला का 536वां उड़ान मिशन है।

## सेक्स वर्कर्स नहीं देंगी दुर्गा प्रतिमा के लिए मिट्टी

### इंसाफ नहीं, तो मिट्टी भी नहीं; कोलकाता रेप-मर्डर पर ममता से नाराज

**कोलकाता (एजेंसी)।** 'आरजी कर हॉस्पिटल की उस महिला डॉक्टर को इंसाफ नहीं मिला। डॉक्टर तो भगवान जैसा होता है। लोग जब उसका सम्मान नहीं कर सकते, तो हम मिट्टी किसलिए दें। अगर अगले साल तक भी उस डॉक्टर को इंसाफ नहीं मिला, तो हम अगले साल भी मिट्टी नहीं देंगे।' सुषमा (बदला हुआ नाम) कोलकाता के रेडलाइट एरिया सोनागाछी में रहती हैं। हर



साल दुर्गा प्रतिमा के लिए अपने घर से मिट्टी देती थीं। इस बार उन्होंने साफ मना कर दिया। दुर्गा प्रतिमा बनाने में लगने वाली 10 तरह की मिट्टी में एक रेड लाइट एरिया की भी होती है। सुषमा की तरह बाकी सेक्स वर्कर्स भी इस बार मिट्टी नहीं देंगी। ये सभी ममता सरकार से नाराज हैं। पश्चिम बंगाल में हर साल दुर्गा पूजा धूमधाम से मनती है, लेकिन इस बार माहौल अलग है।

## संपादकीय

# विपक्ष पर दबाव का केजरीवाली आतिशी दांव



अरविंद केजरीवाल राजनीति के चतुर खिलाड़ी हैं। उन्होंने राजनीति में कुछ मौलिक प्रतिस्थापनाएं की है, बने-बनाये रास्तों पर न चलकर नये रास्ते इजाद किये हैं। वे संकटों को अवसर में बदलने वाले करिश्माई व्यक्तित्व भी हैं। उनकी राजनीति अनेक विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरी रही है, उनके व्यवहार एवं वचनों में विरोधाभास स्पष्ट परिलक्षित होते रहे हैं, लेकिन ये ही विरोधाभास उनकी राजनीतिक चमक का कारण भी बने हैं। क्योंकि राजनीति में सब जायज माना जाता है। सर्वोच्च न्यायालय से सशर्त जमानत मिलने से खुद को बंधा महसूस करते हुए उन्होंने इस्तीफे का धारदार दांव चलाकर राजनीतिक जगत में एक हलचल पैदा कर दी। वहीं पार्टी में संभावनाओं भरे अनेक चेहरों के होने के बावजूद उन्होंने आतिशी को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया, जबकि वह वरिष्ठता क्रम में निचले पायदान पर खड़ी थी, लेकिन केजरीवाल ऐसे चौंकाने वाले फैसले पहले भी लेते रहे हैं। लेकिन इस तरह वे जनादेश का मज़ाक भी बनाते रहे हैं तो संवैधानिक स्थितियों की धता भी करते रहे हैं। अरविंद केजरीवाल साहस के कदम एवं चतुराई की आंख लेकर परम्परागत राजनीति की जंजीरों को तोड़कर आगे निकलते रहे हैं। संभावनाएं की जा रही थी कि केजरीवाल आम आदमी पार्टी के किसी वरिष्ठ नेता को मुख्यमंत्री बना सकते हैं। अधिक संभावनाएं उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाये जाने की थी। क्योंकि क्षेत्रीय दलों में किसी राजनीतिक या कानूनी संकट के चलते परिवार के ही किसी सदस्य को सत्ता की बागडोर सौंप देने परंपरा रही है। ताकि स्थितियां सामान्य होने पर फिर मुख्यमंत्री की गद्दी आसानी से वापस ली जा सके। इसके अनेक उदाहरण है, जिनमें बिहार में चारा घोटाले में घिरने के बाद लालू यादव ने पत्नी राबड़ी देवी को सत्ता की बागडोर सौंपी थी। बहरहाल, केजरीवाल ने जेल से बाहर आते ही अपने तरकश से जो तीर चले हैं, उनकी धार एवं तीक्ष्णता को महसूस किया जा सकता है। इन तीरों से हरियाणा व जम्मू कश्मीर चुनाव समेत अन्य राष्ट्रीय मुद्दों में उलझी भाजपा व कांग्रेस पर केजरीवाल ने मनोवैज्ञानिक राजनीतिक दबाव तो बना ही दिया है। हरियाणा में स्वतंत्र चुनाव लड़ने का निर्णय लेकर उन्होंने सत्ता के गठन में स्वयं को एक ताकतवर मोहरे के रूप में प्रस्तुत करने का चतुराई भरा खेल भी खेला है। दिल्ली में भी उन्होंने अपनी निस्तेज होती स्थितियों को मजबूती दी है। दरअसल, केजरीवाल भ्रष्टाचार के विरोध में आन्दोलन के योद्धा के रूप में वर्ष 2014 के इस्तीफे के दांव की तरह 2015 में आम आदमी पार्टी को मिली भारी जीत का अध्याय दोहरा देना चाहते हैं। लेकिन इस बार की स्थितियां खुद भ्रष्टाचार में लिप्त होने से खासी चुनौतीपूर्ण व जोखिमभरी हैं। निस्संदेह, यह दांव मुश्किल भी पैदा कर सकता है क्योंकि पिछले लोकसभा चुनाव में पार्टी को एक भी सीट नहीं मिली थी। भले ही केजरीवाल अपने को, समय को पहचानने वाला साबित कर रहे हो, लेकिन वे अपने देश को, अपने पैरों की जमीन को एवं राजनीतिक मूल्यों को नहीं पहचान रहे हैं। 'आप' की राजनीति नियति भी विसंगति का खेल खेलती रहती है। पहले जेल जाने वालों को कुर्सी मिलती थी, अब कुर्सी वाले वाले जेल जा रहे हैं।


# राम की अदालत में कुत्ते की अपील

मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के साम्राज्य में कोई भी व्यक्ति, प्राणी,जीव आदि को कोई बीमारी नही रही ओर सबके प्रति श्रीराम के सौम्यतापूर्ण व्यवहार के कारण प्रजा समस्याग्रस्त नहीं थी। उनके राज्य में पृथ्वी अन्न ओर ओषधिओ से सम्पन्न थी। उनका राज्य धर्मद्वारा शासित होने से बालक, युवा, बूढ़े को कोई कष्ट न था। अयोध्या के राजा बनते ही श्रीराम प्रतिदिन प्रातःकाल पूजा पाठ ओर माताओं-गुरु को नमन कर अयोध्या की प्रजा के सभी तरह के मामलों की सुनवाई के लिए अदालत थी जिसमे वेदशास्त्र ज्ञाता उनके गुरु वशिष्ठ जी ओर कश्यप ऋषि की जूरी ओर खुद भगवान राम गुणदोषों के अनुसार साक्ष्य की कसौटी को संज्ञान में रखकर प्रकरणों में न्याय करते किन्तु आश्चर्य का विषय है की उनके न्यायालय में प्रजा की ओर से एक भी प्रकरण दर्ज कराने या अपील करने का प्रमाण नहीं है किन्तु एक कुत्ते ने पहला प्रकरण उनकी अदालत में रखा ओर दूसरा प्रकरण गिद्ध ओर उल्लू का था, जीव जन्तुओ ओर प्राणियों के मात्र दो मामले ही राम की अदालत में आए, शेष किसी इंसान का मामला न आना रामराज्य की श्रेष्ठतम उपलब्धि रही है।

श्रीराम की अदालत में धर्मशास्त्र, नीतिशास्त्र के सर्वज्ञज्ञाता विराजते ओर उनकी अदालत इन्द्र, यम ओर वरुण की न्यायसभा जैसी ही सुशोभित थी जिसका उल्लेख महर्षि वाल्मीकि रचित श्रीमदवाल्मीकि रामायण के उत्तरकाण्ड के प्रथम सर्ग में दिया है कि ङ्कसभा यथा महेन्द्रस्य यमस्य वरुणस्य च। शुशुभे राजसिंहस्य रामश्याक्लिष्टकर्मणाः। एक दिन रामजी प्रकरणों के निराकारण के बाद लक्ष्मण को बोले- हे सौमित्र बाहर कोई कार्यार्थी अर्थात फरियादी द्वार के बाहर हो उन्हे आदर के साथ ले आओ। लक्ष्मण ने आदेश पाते ही अदालत के बाहर आकार देखा तो उन्हे कोई व्यक्ति नही दिखा क्योकि वे खुद जानते थे कि धर्मशासित राज्य में कोई फरियादी कैसे हो सकता है, उन्होने भगवान को सूचित किया कि कोई भी फरियादी नहीं है। लक्ष्मण का जबाव सुनने के बाद रामजी मुस्कुराए ओर लक्ष्मण से बोले एक बार ओर जाओ ओर फरियादी कि तलाश करो। लक्ष्मण पुनः द्वार पर आए तो लक्ष्मण ने अदालत के बाहर एक कुत्ते को बैठा देखा। लक्ष्मण को देखकर कुत्ता खड़ा हो गया ओर रोने लगा। लक्ष्मण ने कुत्ते से पूछा तुम्हें क्या काम है ? तुम निडर होकर मुझे कहो। कुत्ता बोला- मैं जो कुछ कहना चाहता हूँ प्रजापालक, धर्मरक्षक सब प्राणीयों पर दया करने वाले रघुनाथ से कहूँगा, आप कृपया कर मेरा संदेश प्रभु को पहुचा दे। लक्ष्मण ने कुत्ते कि बात सुनी ओर श्रीराम के न्यायपीठ की ओर कदम बढ़ाए ओर प्रभु को कुत्ते के द्वारा कही पूरी बात सुनाई। श्रीराम ने अपनी अदालत में कुत्ते को फरियाद सुनाने की अनुमति देकर लक्ष्मण को उन्हे बुलाने भेजा।

लक्ष्मण कुत्ते के पास पहुचे ओर प्रभु के समक्ष अपनी बात रखने को कहा। प्रभु की सहमति मिलने के बाद कुत्ते ने लक्ष्मण से कहा कि- ÷देवता के मंदिर में, राजा के भवन में ओर पंडित के घर में हम जैसे जीवों का प्रवेश निषिद्ध है। अतएव मैं वहाँ नहीं जा सकता। कुत्ते ने कहा ङ्क राम साक्षात शरीरधारी धर्म है, वे सत्यवादी है, रण में दक्ष ओर समस्त प्राणीओं के हित में तत्पर है। वे नीति बनाने वाले सर्वज्ञ है सर्वदर्शी ओर प्रजा का रंजन करने वाले श्रेष्ठ है। वे ही चंद्र है, वे ही मृत्यु है, वे ही यम है, वे ही कुबेर है, वे ही अग्नि है , वे ही इन्द्र है वे ही सूर्य वे ही वरुण है। इसलिए लक्ष्मण जी आप प्रजापालक श्रीराम को कह दीजिये कि उनकी आज्ञा के बिना मैं उनके न्यायमंदिर में प्रवेश नहीं करना चाहता हूँ।

लक्ष्मण वापिस श्रीराम के समक्ष पहुचे ओर हाथजोड़कर बोले- हे प्रभु आपके आदेश से मैं बाहर फरियादी तलाशने गया था। एक कुत्ता बाहर खड़ा है ओर आपके समक्ष उपस्थित होने कि आज्ञा चाहता है। श्रीराम ने लक्ष्मण से कहा- फरियादी कोई भी जाति या योनि का क्यों न हो, उसे शीघ्र ले आओ। श्रीराम की आज्ञा पाकर कुत्ता उनकी अदालत में फरियादी



बनकर खड़ा था। प्रभु राम ने देखा कि उसका सिर फूटा हुआ है ओर रक्त बह रहा है। श्रीराम फरियादी कुत्ते से बोले- मै तुम्हारे लिए क्या कर सकता हूँ? तुम्हें जो कुछ कहना है बिना डरे कहो। महर्षि वाल्मीकि रचित श्रीमदवाल्मीकि रामायण के उत्तरकाण्ड के द्वितीय सर्ग में इस प्रसंग को लिखा है जिसमें कुत्ते के द्वारा श्रीराम के समक्ष राजधर्म, न्यायधर्म आदि परमधर्म कि विस्तार से व्याख्या की गई है - राजैव कर्ता भूतानाम, राजा चैव विनायकः। राजा सुप्तेशु जाग्रति राजा पालयति प्रजाः। अर्थात- राजा ही समस्त प्राणीओं का स्वामी, स्वामी ओर शासनकर्ता है। सब लोग जिस समय शयनकक्ष में गहरी निद्रा में होते है, राजा उस समय जागा करता है। अनेक सद्गुणों की व्याख्या करने के बाद कुत्ता प्रभु श्रीराम से कहता है कि- अज्ञानतावश मैंने कोई चूक कि हो तो मैं सिर नवाकर आपसे क्षमा चाहता हूँ आप कुपित न हो तो मैं अपनी पीड़ा व्यक्त करू। श्रीराम जी बोले तुम निडर होकर बतलाओ तुम जो चाहते हो मैं उसे पूरा करूंगा।

कुत्ते ने भगवान श्रीराम कि अदालत में अपनी बात कहना शुरू की, कि एक सर्वार्थसिद्ध भिक्षुक ब्राह्मण है। मैं उसके घर में रहता हूँ । उसने अकारण निरपराध रहते हुये मेरा सिर फोड़ दिया। भगवान श्रीराम ने द्वारपाल को भेजकर उस सर्वार्थसिद्ध भिक्षुक ब्राह्मण को बुलाने भेजा। आते ही उस भिक्षुक ब्राह्मण ने प्रभु श्रीराम को नतमतक हो पूछा कि किस कारण मुझे बुलवाया है। श्रीराम ने उस ब्राह्मण से प्रश्न किया कि तुमने इस कुत्ते को लाठी से किस कारण मारा है? इसने तुम्हारा क्या बिगाड़ा? ऐसा क्या नुकसान किया जो तुमने इसपर क्रोध करके इसका सिर फोड़ा? तब ब्राह्मण ने श्रीराम से कहा कि ङ्क हाँ मैंने क्रोध में इस कुत्ते को अवश्य मारा है। मैं भिक्षा के लिए घूम रहा था ओर भिक्षा का समय निकल गया था। यह गली के बीचोबीच बैठा था, मैंने कई बार इस कुत्ते से हटने को कहा,तब यह अपनी इक्छानुसार गली के एक छोर पर बेढंगी जगह खड़ा हो गया। मैं भूखा था ही इसलिए क्रोध में मैंने इसे मार दिया। अब आप मुझ अपराधी को जो भी दंड देना चाहे मुझे स्वीकार है। ब्राह्मण बोला हे राजन आपके हाथों दंड पाने से मुझे नर्क का भय नही रहेगा। श्रीराम ने सभासदों सहित अपनी न्यायपीठ कि जूरी से पूछा ओर कहा कि इस सर्वार्थसिद्ध भिक्षुक ब्राह्मण को क्या दंड दिया जाये? क्योकि अपराधी को शास्त्रानुसार दंड देने से प्रजा की रक्षा होती है। सभी ने एकस्वर में कहा कि शास्त्रो के अनुसार दंड द्वारा ब्राह्मण अवध्य है। न्यायसभा ने श्रीराम को त्रिलोकी का नाथ बताते हुये ब्राम्ह्ण के विषय में खुद निर्णय लेने को कहा।

न्यायसभा में दंड को लेकर चल रहे परामर्श के बीच कुत्ता बोला ङ्कअगर महाराज राजा रामचन्द्र जी मुझ पर प्रसन्न हो तो मैं एक निवेदन करना चाहता हूँ, प्रभु आपके हर वचन एक प्रतिज्ञा ही होते है ओर आप पहले ही मुझे प्रतिज्ञात्मक रूप से कह चुके हो कि मैं तुम्हारे लिए क्या कर सकता हूँ? इसलिए अपनी प्रतिज्ञानुसार मेरा एक मनोरथ पूरा कर दीजिये। प्रभु श्रीराम ने पूछा कहो क्या चाहते हो? महर्षि वाल्मीकि रचित श्रीमदवाल्मीकि रामायण में उन्होने इसे लिखा है कि ङ्कप्रतिज्ञातम त्वया वीर कि करोमिति विश्रुतम। प्रयच्छ ब्राह्मणस्यास्य कौलपत्यम नाराधिप॥ कालञ्जरे महाराज कौलपत्यम प्रदीयताम। एतच्छुतवा तु रामेण कौलपत्येभिषेचितः॥ कुत्ता बोला ङ्कमहाराज इस सर्वार्थसिद्ध भिक्षुक ब्राह्मण को कालांजर देश का मठाधिपति बना दीजिये। प्रभु ने कुत्ते कि बात मानकर उस सर्वार्थसिद्ध भिक्षुक ब्राह्मण का अभिषेक कर कालांजर देश का महंत, चौधरी जैसे गौरवशाली सर्वोत्तम पद पर सजा देने के स्थान पर पुरुष्कृत कर हाथी पर सवार कर उसे सम्मानित कर दिया। न्यायपीठ के सभी न्यायाधीश गुरुजन आदि अचंभित हुये कि आखिर इस कुत्ते ने सजा दिलाने के स्थान पर क्षमा करते हुये दोष को स्वीकार करने वाले सर्वार्थसिद्ध



भिक्षुक ब्राह्मण को पुरुष्कार क्यों कराया इसका रहस्य सभी ने भगवान से जानना चाहा। प्रभु श्रीराम ने मंद मंद मुसकुराते हुये कुत्ते से ही कहा कि इस रहस्य को बताकर सबकी शंका का समाधान करो। कुत्ते ने हाथ जोड़कर बताया प्रभु- मैं इसी कालांजर देश का कुलपति था । मैं बहुत ही अच्छा ओर एक से एक स्वादिष्ट भोजन करता ओर अपने नौकर-चाकरों सहित सबको खिलाता, ब्राह्मणो तथा देवो की पूजा करता। सबको उनके कार्यानुसार वेतन देता ओर देवधन की रक्षा कर नीतिमान,सतोगुणी ओर सभी प्राणीओं के हित में तत्पर रहता था। इन सबके बाबजूद में इस अधम गति को प्राप्त हुआ। यह भिक्षुक ब्राह्मण क्रोधी, धर्मशून्य, अहितकर हिंसक, रूखा बोलने वाला, मूर्ख, निष्ठुर ओर अधर्मरत है इसलिए यह भिक्षुक ब्राह्मण मातुकुल की सात ओर पितुकुल की सात पीढ़ियों को नर्क पहुचाएगा। यह भेद सुनकर सभी न्यायपीठ के वेद-शास्त्र ज्ञाता सामंत, न्यायाधिपति कुत्ते द्वारा किए गए न्याय से आश्चर्यचकित हो गए ओर प्रभु श्रीराम के नेत्र विस्मय से प्रफुल्लित हो गए, कुत्ता जहा से आया था वही चला गया।

**आत्माराम यादव पीव वरिष्ठ पत्रकार**
**श्रीजगन्नाथधाम काली मंदिर के पीछे, ग्वालटोली**
**नर्मदापुरम मध्यप्रदेश**

## कहानी

# मंजिल

जल्दी-जल्दी कमर में बांधी हुई साड़ी, माथे पर जल्दी-जल्दी लगाई गई बिंदी जो ऊपर की ओर सरक गई थी ! आनन-फानन में नाश्ता कर भावना तैयार हो गई थी। अपना लंच पेक करते ही उसने आशा को कहा आरना को तय समय पर स्कूल छोड़ देना । आज मैंने उसका लंच भी पैक कर दिया है !सुधीर ऑफिस के लिए आज जल्दी निकल गए है ! ठीक है दीदी ! आप जाइए ! निकल पड़ी भावना ,आज फिर उसी सफर पर जो वह रोज तय करती है । अपने अनवरत प्रश्न के साथ, जिसका प्रत्युत्तर भी वह हर दिन वह स्वयं देती हैं । ऑटो वाला तय समय पर आ गया था। जैसे ही भावना ऑटो में बैठी, ऑटो स्टार्ट होने के साथ-साथ उसके प्रश्न भी आसपास रोज की तरह उसकी प्रतीक्षा कर रहे थे? भावना खयालों में उमड़ पड़ी । पिछले चार सालों से हर दिन की तरह मैं अपनी पाच साल की बच्ची को आशा के पास छोड़कर जाती हूं । सरकारी नौकरी कहीं मुझे भारी तो नहीं पड़ रही ? पहले मैं कितनी खुश थी, जब मुझे नई सरकारी नौकरी मिली थी ! बड़ी मुश्किल से मेरा चयन हो पाया था इस श्रेणी के लिए । बहुत साल इंतजार करने के बाद मैंने अपनी खुद की मर्जी से आरना का अपनी जिंदगी में स्वागत किया । मातृत्व अवकाश के बाद कुछ ही महीने की आरना को मैंने आशा के भरोसे घर पर छोड़, ऑफिस का काम देखना शुरू कर दिया था। सुधीर तो आधे महीना बिजनेस टूर पर ही रहते है । उस दिन से लेकर आज तक में बगुले की तरह ध्यान लगाकर सारे काम करती हूं। सुधीर के चाचा जी ,बुआ जी, मामी जी, रिश्तेदार ,सब यह कहते हैं कितनी मुश्किल से तो मां बनी है और अपनी दूधमूही बच्ची को छोड़कर पैसो के पीछे भाग रही है ! सुधीर की कमाई क्या पूरी नहीं पड़ती ? हालांकि सुधीर के माता पिता ने कभी एक शब्द नहीं निकाला ! दुधारू गाय किसे बुरी लगती है भला ! मैंने कभी सुधीर के रिश्तेदारों को अपने जवाब से संतुष्ट करने की कोशिश ही नहीं की ? ना ही कभी करूंगी ! बस कुछ चीजें मन में मसोस कर रह जाती हैं ! यही सोचती हूं कि मेरी बिटिया पहली बार कब हंसी होगी ! पहली बार उसने माँ कब बोला होगा ? मेरे ऑफिस आने से लेकर जाने तक के बीच में क्या क्या करती होगी ? आशा के भरोसे ही उसकी देखरेख बेहतर तरीके से संभव हो पाई। आशा जैसी अच्छी और ईमानदार आया और घर की देखरेख वाली औरत मुझे ना मिलती तो मैं क्या करती ? हालांकि आरना के कुछ स्पेशल मोमेंट भी मैंने मिस किये ! मैं शब्दों में बयान नहीं कर सकती ! जब- जब आरना के नए दांत निकले ,वह इतनी बीमार थी, मैं हर बीस मिनट में आशा को फोन लगाती थी । वह चलना मेरे सामने ही सीखी ! पर पहला कदम उसने कब लिया होगा ? मुझे पता नहीं ? पूरे शब्दों को बोलना मेरे सामने ही सीखी ! पर उसने पहले शब्द कब बोले होंगे ? मुझे पता नहीं ? रोती मेरे सामने ही थी मेरे लिए ! पर बहुत जी भर कर मेरे लिए कब रोई होगी मुझे पता नहीं ? मुझे तो बस इतना याद रहता कि मुझे ऑफिस में जाकर वह काम करने हैं ! घर आकर भी बहुत सारे काम निपटाना है ! अपनी बच्ची को देखना है। अपने सपनों को भी नहीं मरने देना चाहती थी।

# बैंड बाजा बारात और मजबूर कमला



बैंड बाजे वाले बैंड बजा बजा कर थक गये थे,किंतु दूल्हे की अभी तक निकासी नही हुई थी। 7 से 9 के बैंड थे और 8.30 घर पर ही हो गये थे। आखिर दूल्हा घोड़ी पर चढ़ा और बारात धीरे धीरे आगे बढ़ी। कमला ने चैन की सांस ली और अपने सिर पर रखी डिस्को लाइट को ठीक से सिर पर जमाया और दूल्हे



की घोड़ी के साथ आगे बढ़ने लगी।

शादियों के सीजन में यूं तो वह रोज ही डिस्को लाइट लिये बारात के संग जाती है लेकिन आज उसका मन बहुत अशांत था।उसके लड़के को बहुत तेज बुखार था और वह उसे उसी हालत में घर पर छोड़ कर आई थी। उसे उम्मीद थी कि आज वह 9 बजे तक फुर्सत हो जावेगी और दवा दुकान से बुखार की गोली ले जाकर लड़के को खिला देगी, किंतु .... तभी शोर की आवाज से उसका ध्यान बारात की ओर गया। %बारात में कुछ लड़के हवा में हाथ लहरा लहरा कर कमर मटका कर नाच रहे थे, बारात मंथर गति से आगे बढ़ रही थी तभी दूल्हे का फूफा आया और उसने बैंड वालों से अपनी पसंद का गाना बजवाया तथा उन लड़कों के साथ नाचने लगा। नाचते नाचते उसने अपनी जेब से 20 रुपये के नोट की गड्डी निकाली और नोटों को निछावर करके बैंड वालों को देने लगा। फूफा और

## व्यंग



## वक्रासन

नाचने वाले लड़के पूरे मूड में थे। लोग कहते हैं कि बारात में बिना पिये नाचने में मजा ही नहीं आता। बैंड वालों को निछावर मिलने लगी तो वे अति उत्साह से जमकर बैंड बजाने लगे। वैसे कहा जाता है कि शादियों में ज्यादातर फूफा लोग नाराज ही पाये जाते हैं, लेकिन ये फूफा कुछ ज्यादा ही रंगीले थे।

बारात चौराहे पर आकर खड़ी थी और फूफा के साथ सभी लोग नाचने में मशगूल थे। चौराहे पर ट्रैफिक जाम हो गया था। आगे पीछे वाहनों की कतारें लग गयी थीं। वाहनों के हॉर्न का शोर बैंड के शोर तले दब सा गया था। ट्रैफिक पुलिस वाले ने बारात आगे बढ़वाने की कोशिश की तो फूफा ने ट्रैफिक हवलदार को, नाचते हुए 20 -20 के 5 नोट निछावर कर दे दिये। अब ट्रैफिक हवलदार बारात छोड़ ट्रैफिक को ही रोकने लगा। कमला सोचने लगी पैसे वालों को अपने पैसे का कितना नशा रहता है। ये किसी जरूरतमंद को कभी 100 रुपये की भी मदद न करेंगे लेकिन शान दिखाने के लिये हजारों रुपये यूं ही लुटा देंगे। जैसे बड़े घरों में कुत्ते पालने का शौक बढ़ता जा रहा है, कुत्ते सोफे पर बैठे बिस्किट खाते हैं, नरम मुलायम गद्दों पर सोते हैं। आजकल अधिकांश लोगों में दिखावे की मानसिकता बढ़ गई है। न जाने इस मानसिकता का अंत कहां जाकर होगा।

बारात में साथ साथ चल रहे दूसरे फूफा ने अपने साडू भाई को इस तरह नोट निछावर करते देख अपनी जेब में हाथ डाला लेकिन कुछ सोचकर हाथ बाहर निकाल लिया, शायद उनके पास अतिरिक्त ( फालतू ) रुपये नहीं थे निछावर करने के लिये। वे धीरे धीरे बरात में पीछे की ओर खिसकने लगे ताकि कोई उनका हाथ पकड़कर उन्हें जबरन न नचवाने लगे।

आज के समय में पैसे वालों का ही बोलबाला है, उन्ही की पूछ है। गरीब की तो कोई बखत ही नहीं है। हां, चुनाव के समय जरूर नेता लोग गरीबों की पूछ परख कर लेते हैं। उस समय बस्ती में नेता लोग आकर तरह तरह की लालच देते हैं। एक नेता ने चुनाव के समय बताया था कि गरीबों को 6000 रुपये महीना मिलेंगे, तभी से हरिया पगला गया था, हमसे कहता था कि अब तुझे दारू के लिये पैसे देने की जरूरत नहीं। सरकार हमारा इंतजाम कर देगी। हमें दारू वास्ते रोज 200 रुपये मिलेंगे, तो हम 150 रुपये की दारू, 30 रुपये का चखना और 20 रुपये की पानी की बोतल लेकर अपना शौक पूरा कर लेंगे। अपना काम तो बन गया अब रोज रोज की चखचख नहीं रहेगी। हरिया बहुत ही अच्छा मिस्त्री का काम करता है लेकिन दारू के चक्कर में काम पर ही नही जाता। अब ये नेता लोग इस तरह के झूठे लालच देकर कामकाजी आदमी को बिल्कुल पंगू किये दे रहे हैं। मेहनत मजूरी न करेंगे तो कितने दिन जियेगें।

शायद ये नेता लोग गरीबों को मारकर ऐसे ही गरीबी दूर करेंगे। बम पटाके की आवाज से उसका ध्यान फिर बारात की ओर गया, बारात अपने अंतिम पड़ाव पर थी और नचाई का कार्यक्रम अभी भी अपने पूरे शबाब पर था। फूफा सहित अन्य लोगों का नोटों की गड्डी से निछावर करना बदस्तूर जारी था।

रात्रि के 11 बज रहे थे उसे अपने लड़के की चिंता होने लगी थी और वह सोच रही थी कि दवा की दुकान बंद हो गयी होगी तो वह बुखार की दवा कैसे लेगी?

**डॉ .प्रदीप शशांक**
**श्रीकृष्णम ईको सिटी,**
**श्रीराम इंजीनियरिंग कॉलेज के पास**
**कटंगी रोड, माढ़ोताल,**
**जबलपुर म.प्र.482002**
**मोबाइल-9131485948**

# गुफ्तगु



हम दोनो एक जैसे हो गए कभी .... !

एक दिन देर रात तक नींद नही आने पर चप्पल ने सोचा किसी न किसी से कुछ देर बतिया लु। मोबाईल उठाया पर ख्याल आया की इतनी देर रात को किसी को नींद से जगाना अच्छा नही है । बहुत देर तक इधर- उधर करवटे बदलने के बाद उसे ख्याल आया की उसका मित्र पुल तो कभी सोता ही नही है। वह दिन- रात जागता ही रहता है। झट से उसका नम्बर कांटेक्ट लिस्ट मे से निकाला और नम्बर डायल कर दिया, परंतु नम्बर व्यस्त चल रहा



था। कुछ देर बाद उसी मित्र का फोन आया और उसने पुछा क्या हुआ सब ठीक तो है ना इतनी रात को फोन क्यो किया? उसने कहा मेरी छोड़ो अपनी बताओ की तुम इतनी रात को किससे बात कर रहे थे।? उसने कहा अरे यार क्या है की आज बारिश होने से मेरे साईट मे जरा क्रेक हो गया है तो हल्का दर्द हो रहा था इसलिए ठेकेदार से परामर्श ले रहा था। फिर उसने क्या कहा? उसने कहा रात भर आराम करो सुबह आ कर वह खुद ही देखेगा। अच्छा तुम बताओ क्यो फोन किया । कुछ नही यार नींद नही आ रही थी, इसलिए तुम से बतियाने के लिए फोन किया ।

उसने कहा तुम्हारी जोड़ीदार कहा गई। यार वो मोची के यहा भर्ती है, उसकी एक टांग टुट गई है । मोची ने कहा है की एक बार सुबह चेक करने के बाद ही उसकी छुट्टी होगी। यार एक बात कहु हम दोनो एक जैसे हो गए है। दोनो बारिश मे कब बह जाए या टुट जाए इसका कोई भरोसा नही है। उसकी यह बात सुनकर वह हंस पड़ा। अरे सुनो तुम लोक निर्माण विभाग को कह कर जैसे पहले खतरनाक मोड़ आने पर सड़क के दाई- बाई तरफ एक बोर्ड लगा रहता था कि सावधान आगे खतरनाक मोड़ है, धीरे चले।÷ उसी तरह से सड़क के दाई- बाई तरफ बोर्ड लगवा लो कि ÷ सावधान आगे पुल है, शिष्टाचार के इस युग मे मजबूत पुल की कल्पना न करे कभी भी टुट या बह सकता है।÷ हा यार तुमने बहुत सही आइडिया दिया है कल ही बात करता हु। अरे तुम भी तो अपने नए बिरादरी वालो से कहो की वे अपने सेठ से कह कर दुकान पर एक बोर्ड लगवाए की ÷फैशन के इस दौर मे गारंटी की इच्छा न करे। हा हा चलो गुड नाईट ।

**आशीष सकलेचा,**
**जावरा- 9827797229**




# किसानों को जब तक सोयाबीन का भाव 6 हजार रूपए क्विंटल नहीं मिल जाता, कांग्रेस संघर्ष करेगी – दिग्विजय सिंह

भोपाल/ इंदौर राष्ट्रीय जनभावना प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित किसान न्याय यात्रा के परिप्रेक्ष्य में आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी, पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद श्री दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में इंदौर में किसान न्याय यात्रा आयोजित की गई, जिसमें हजारों किसान अपने टैक्टर लेकर रैली में पहुंचे, वहीं बड़ी संख्या में कांग्रेसजन और आम नागरिक भी रैली में शामिल हुये।






मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश के किसानों के हक की आवाज को बुलंद करने, उन्हें फसलों का समर्थन मूल्य दिलाने और सोयाबीन के भाव 6000 रुपए प्रति क्विंटल दिए जाने जैसी मांगों को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी के नेतृत्व में कांग्रेस द्वारा प्रदेश भर में निकाली गई 'किसान न्याय यात्रा' के समापन अवसर पर आज इंदौर के कलेक्टर कार्यालय पर एक विशाल आम सभा का आयोजन किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजयसिंह ने इंदौर में आयोजित किसान न्याय यात्रा को संबोधित करते हुये कहा कि जब तक किसानों को फसलों का समर्थन मूल्य और सोयाबीन का भाव 6000 रुपए प्रति क्विंटल नहीं मिल जाता, तब तक कांग्रेस का संघर्ष यूं ही चलता रहेगा। प्रदेश सरकार किसानों के साथ हमेशा से अन्याय करती आ रही है। किसान कभी खाद-बीज को लेकर तो कभी बिजली को लेकर परेशान है। मंडियों में किसानों की फसलों को औने-पौने दामों में खरीदकर उन्हें लूटा जाता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि किसान न्याय यात्रा में शामिल होने आ रहे हजारों ट्रैक्टरों को शहर की सीमा में घुसने से रोक कर प्रदेश की अत्याचारी भाजपा सरकार ने अपना तानाशाही चेहरा उजागर किया है। अनुमति के बाद भी सरकार का यह कृत्य लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं की धज्जियां उड़ाने के समान है, हमनें इस किसान न्याय यात्रा के जरिए भाजपा को किसानों से किया गया उनका वही वादा याद दिलाया है जो उसने 'मोदी की गारंटी' के नाम से अपने घोषणा पत्र में किया था। उन्होंने कहा कि अपने वादे से मुकरी प्रदेश सरकार ने, न तो गेहूं का भाव 2700 रुपए न ही धान का भाव 3100 रुपए प्रति क्विंटल दिया, सोयाबीन का तो लागत मूल्य भी सरकार देने का नाम नहीं ले रही है। श्री पटवारी ने कहा कि इस दमनकारी सरकार को यह स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि जब तक किसानों को उनकी फसलों का समर्थन मूल्य और सोयाबीन का भाव 6000 रुपए प्रति क्विंटल नहीं मिल जाता, किसानों के न्याय की यह लड़ाई यूं ही अनवरत जारी रहेगी। अगर सरकार नहीं मानी तो अगले चरण में मंडियों पर आंदोलन होगा और उसके बाद विधानसभा के घेराव के लिए भी सरकार को तैयार रहना होगा। आंदोलन चाहे कितना भी लंबा क्यों न चले, हम तब तक चैन से बैठने वाले नहीं हैं, जब तक किसानों को उनका वाजिब अधिकार नहीं मिल जाता। श्री पटवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी, ये वही किसान हैं, जिन्होंने वोट देकर आपको मुख्यमंत्री बनाया है, आप इनकी बात जरूर सुनें। जबरन ट्रैक्टर रोकेंगे, दमन करेंगे, तो यह अलोकतांत्रिक कदम होगा। किसानों के न्याय के संघर्ष में मेरे साथियों के रक्त की एक-एक बूंद का हिसाब इस सरकार से लिया जायेगा। श्री पटवारी ने मुख्यमंत्री जी किसान न्याय यात्रा में शामिल होने वाले ट्रैक्टर्स को पूरे मध्यप्रदेश में रोका जा रहा है। आज इंदौर में भी पुलिस ने जगह-जगह नाकाबंदी कर ट्रैक्टर्स रोके हैं। किसान न्याय यात्रा ट्रैक्टर रैली की अनुमति निरस्त कर तानाशाही और हठधर्मिता का परिचय दिया है। श्री पटवारी ने कहा कि किसानों की यह स्थिति चिंता का विषय है। किसानों के अधिकारों और उनकी आवाज को दबाने का यह प्रयास लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है। जब किसान अपनी समस्याओं को लेकर आवाज उठाते हैं, तो उन्हें सुनना और उनके साथ संवाद करना चाहिए। इस तरह के प्रदर्शन लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा होते हैं, और तानाशाह भाजपा सरकार को उन्हें रोकने के बजाय उनके मुद्दों को समझने की कोशिश करनी चाहिए।

इस आम सभा में पूरे जिले भर के किसान पूरे जोश-खरोश के साथ अपने ट्रैक्टरों से शामिल होने के लिए निकले थे, लेकिन चारों दिशाओं से आ रहे हैं हजारों ट्रैक्टरों को देख, घबराई सरकार ने शहर की सीमाओं पर बैरिकेडिंग कर, उन ट्रैक्टरों को रोक लिया। भारी पुलिस बल के माध्यम से न केवल ट्रैक्टरों, बल्कि किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भी रोकने का प्रयास किया गया और केवल एक ट्रैक्टर को ही सभा स्थल तक जाने की अनुमति दी गई। कांग्रेस प्रवक्ता व सांवेर विधानसभा से पार्टी की उम्मीदवार रहीं रीना बौरासी को सांवेर से आते वक्त बारोली फ़ाटे के पास गिरफ्तार कर लिया गया। इस सब दमनकारी कार्यवाहियों के बावजूद हजारों की संख्या में किसान, महिलाएं और कांग्रेस के कार्यकर्ता, इंदौर के कलेक्टर ऑफिस स्थित सभा स्थल पर पहुंचे। सभी नेताओं ने एक स्वर से किसानों के संघर्ष को अपना समर्थन देते हुए उनकी हर लड़ाई में साथ देने के अपने संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम के पश्चात कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश के राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन भी एसडीएम को सौंपा। इस अवसर पर अभा कांग्रेस के सचिव सह प्रभारी संजय दत्त, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सदाशिव यादव, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे, जिले के सह प्रभारी द्वय अवनीश भार्गव एवं गजेंद्र सिसोदिया, के के मिश्रा, कृपा शंकर शुक्ला, विपिन वानखेड़े, श्यामसुंदर यादव, श्रीमती अर्चना जायसवाल, शेख अलीम, योगेश यादव, संतोष सिंह गौतम, मृणाल पंत, राधेश्याम पटेल, राजेश चौकसे, पिंटू जोशी, अमन बजाज, अरविंद बागड़ी, दीपू यादव, राजू भदौरिया, अमित पटेल, देवेंद्र सिंह यादव, सच सलूजा, श्रीमती सोनिला मिमरोट बड़वाया जी, केतन चौधरी, अमित चौरसिया, सुश्री शांभवी शुक्ला, प्रमोद द्विवेदी, अर्जुन सांखला, राकेश सिंह यादव, गजेंद्र वर्मा, ओम सिलावट, नीलाभ शुक्ला, आनंद कासलीवाल, महेन्द्र रघुवंशी आदि ने भी संबोधित किया। कांग्रेस नेता संजय कामले, अनिल यादव, सोहराब पटेल, गिरधर नागर, विवेक खंडेलवाल, गिरीश जोशी, सुबूर अहमद गौरी, मुकेश ठाकुर, मुकेश यादव, राजा चौकसे, किशोर डोंगरे, प्रह्लाद महावर, अखिलेश जैन गोपी, लोकेश हार्डिया, श्रीमती साक्षी शुक्ला, श्रीमती मीनाक्षी जायसवाल, श्रीमती शशि हाड़ा, श्रीमती हलीमा बी, पप्पू मालवीय, अनिल कामले, गिरीश चितले, किशोर धुलधोए, पी.डी. जाटवा, अभिषेक करोसिया, सचिन चौहान सहित हजारों की संख्या में किसान, कांग्रेस कार्यकर्ता और आम नागरिक उपस्थित थे।

## ब्रह्माकुमारी संस्थान के महासचिव ब्रह्माकुमार निर्वैर भाई का देहावसान



**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** अंतर्राष्ट्रीय संस्थान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के महासचिव राजयोगी ब्रह्माकुमार निर्वैर भाई का कल रात्रि 11ः30 बजे अहमदाबाद के अपोलो हॉस्पिटल में देहावसान हो गया। आज सुबह उनके पार्थिव शरीर को आबू रोड स्थित शांतिवन लाकर कॉन्फ्रेंस हॉल में दर्शनार्थ रखा गया है। रविवार 22 तारीख को हजारों ब्रह्माकुमार कुमारियों की उपस्थिति में सुबह 10ः00 बजे उनका अंतिम संस्कार होगा। उक्त जानकारी देते हुए इंदौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने बताया की निर्वैर भाई जी 68 वर्ष पूर्व ब्रह्माकुमारी संस्थान से जुड़े। तब आप भारतीय नौसेना में सेवारत थे। आप ब्रह्माकुमारीज़ के मैनेजिंग ट्रस्टी, सेक्रेटरी जनरल तथा ब्रह्मकुमारीज़ के ग्लोबल हॉस्पिटल ट्रॉमा सेंटर के कर्णधार के रूप में सेवाएं देते रहे। आपने भारत सहित देश-विदेश में हजारों आत्माओं के जीवन में आध्यात्म की ज्योति जगाई। उनके निधन से समूचे ब्रह्माकुमारी परिवार में शोक की लहर है। देश-विदेश के सभी सेवाकेंद्रों पर श्रद्धांजलि एवं योग साधना का कार्यक्रम चल रहा है।

## अवैध पेट्रोल पंप बना लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा

**इंदौर।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंड पीठ में न्यायमूर्ति सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी और माननीय न्यायमूर्ति बिनोद कुमार द्विवेदी की खंड पीठ ने एक महत्वपूर्ण आदेश में भूमि संरक्षण प्रकोष्ठ को याचिकाकर्ता महेश महेश्वरी द्वारा दायर अभ्यावेदन पर शीघ्र निर्णय लेने और कानून के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया हैं।




यह आदेश महेश महेश्वरी द्वारा दायर जनहित याचिका के संदर्भ में जारी किया गया, जिसमें सेंटर गांव, तहसील महू जिला इंदौर की शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण और धोखाधड़ी से कब्जे का मामला उजागर किया गया था। भूमि, जिसका क्षेत्रफल 3.47 एकड़ है पर गोविंद दास न्याती द्वारा अवैध रूप से एक पेट्रोल पंप स्थापित किया गया था जो आस-पास के निवासियों के लिए गंभीर सुरक्षा खतरे का कारण बन रहा था। अधिकारियों ने इस अवैध कब्जे और सुरक्षा जोखिम के संबंध में कई अभ्यावेदन मिलने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। याचिकाकर्ता की ओर से प्रस्तुत बहस में उनके अधिवक्ता अभिनव पी. धनोडकर ने अधिकारियों की निष्क्रियता को सार्वजनिक हित के लिए गंभीर हानि और जनसुरक्षा के उल्लंघन के रूप में प्रस्तुत किया। न्यायालय ने सुनवाई के बाद भूमि संरक्षण प्रकोष्ठ को निर्देश दिया कि वह याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन पर विधिक प्रावधानों तहत समुचित निर्णय लें और सरकारी भूमि को उसकी मूल स्थिति में पुर्नस्थापित करने के लिए हेतु आवश्यक कदम उठाए।

## बीकॉम की छात्रा से पुजारी ने किया रेप

**इंदौर।** इंदौर के तेजाजी नगर में मंदिर के पुजारी पर छात्रा ने रेप का केस दर्ज कराया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी मेरे पिता पर दबाव डालकर मुझे बार-बार मंदिर आने के लिए कहता था। पिता ने बेटी को मंदिर जाने के लिए कहा तब उसने पुजारी की हरकतों के बारे में बताया। तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक 21 साल की युवती ने इलाके के एक मंदिर के पुजारी हरिचरण दास (35) पर रेप का केस दर्ज कराया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह बीकॉम की स्टूडेंट है। 15 मई की सुबह वह तेजाजी नगर में मंदिर पर पूजा करने पहुंची। उस समय मंदिर में कोई नहीं था। मंदिर का पुजारी अकेला बैठा था। इस दौरान वह आया और पकड़कर मंदिर में बने अपने कमरे में ले गया। यहां जबरदस्ती की और धमकी दी कि किसी को बताया तो ठीक नहीं होगा। घर वालों को जान से मार देगा। घटना के बाद पीड़िता काफी डर गई। इसके बाद मंदिर जाना बंद कर दिया। पिता जब मंदिर गए तो उन्हें पुजारी ने कहा कि अपनी छोटी बेटी को कहा करो की मंदिर आए। नहीं तो उसका नुकसान हो जाएगा। इसके बाद छात्रा के पिता ने उसे मंदिर जाने के लिये कहा।

## कैंची मारकर किया घायल

**इंदौर।** एक युवक पर आरोपी ने कैंची मारकर घायल कर दिया। बताया जाता है कि आरोपी और घायल युवक साथी है। वह बाइक से कनाड़िया जा रहे थे। इस दौरान आरोपी अपने एक अन्य साथी से झगड़ने लगा। युवक ने समझाना चाहा तो आरोपी ने उस पर हमला कर दिया। राजेश वर्मा पिता बाबूलाल वर्मा निवासी विनायक नगर खजराना की शिकायत पर अरविंद पांचाल के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। राजेश वर्मा और उसके दोस्त रमेश एवं अरविंद तीनों मोटर साइकिल पर बैठकर कनाड़िया गांव जा रहे थे। रास्ते में रमेश और अरविंद का विवाद हो रहा था। वह करूणा सागर अपार्टमेंट के पास राजेश लघुशंका के लिए उतरा। तब भी रमेश व अरविंद आपस में रूपयों को लेकर विवाद कर रहे थे। राजेश ने उन दोनों को समझाया तो आरोपी अरविंद ने उसके साथ में गाली गलौज करना शुरू कर दिया। राजेश ने उसका विरोध किया तो आरोपी ने अपनी मोटर साइकिल में रखी धारदार कैंची निकाली और जान से मारने की नीयत से राजेश की सीने पर वार कर दिया। जिससे चोट आकर खून निकलने लगा। खून निकलता देख आरोपी वहां से अपनी बाइक से भाग गया। पुलिस मामले में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

## चेकिंग में रोका तो पुलिस से किया विवाद

**इंदौर ।** वाहन चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल सवार तीन लडकों को रोककर कानूनी कार्रवाई करने पर आरोपियों ने एक सहायक थानेदार के साथ झूमा झटकी कर वर्दी भी फाड़ दी । खजराना थाने में गंगाराम कनासे की शिकायत पर आरोपी प्रवीण वर्मा, विक्की और मनीष के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। वेलोसिटी टॉकीज के पास सर्विस रोड पर पुलिस की चेकिंग चल रही थी। इस दौरान आरोपी एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर निकले यहां पर ऑन ड्यूटी अधिकारी ने उन्हें रोका तो आरोपी गाली गलौज कर विवाद करने लगे उन्होंने ड्यूटी अधिकारी के साथ मारपीट कर वर्दी भी फाड़ दी। पुलिस आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई कर रही है।

## युवक की संदिग्ध मौत

**इंदौर।** एक युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर गए थे। आरोप है कि अस्पताल में सही इलाज नहीं मिला इस वजह से उसकी जान चली गई। मृतक का नाम योगेश पिता गेंदालाल निवासी शंकर कुमार का बगीचा है। परिजन हेमंत का आरोप है कि योगेश को कल उल्टियां हो रही थी, उसे भाग्यश्री अस्पताल में भर्ती कराया गया था आरोप है कि योगेश की सांस उखड़ रही थी, लेकिन अस्पताल वालों के पास ऑक्सीजन नहीं था। इलाज में भी काफी लेटलतीफी की गई । शाम को परिजनों से 5 हजार लेकर कह दिया गया कि उसे कहीं और ले जाएं, उसे एवं अस्पताल लेकर आए यहां मृत घोषित कर दिया गया।

## आग में जल गई सरकारी एंबुलेंस

**इंदौर।** दो जगह आग लगने की घटनाएं हुई। एक जगह सरकारी एंबुलेंस में आग लगी तो दूसरी जगह एक ट्रांसफार्मर आग की चपेट में आया । एंबुलेंस में आग की घटना पालिका प्लाजा भमोरी क्षेत्र में सुबह करीब 4 बजे हुई। यहां खडी सरकारी एंबुलेंस अचानक आग की चपेट में आ गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने पहुंचकर आग बुझाई,तब तक एंबुलेंस के टायर और अंदर की सीटें और अन्य सामान जल चुके थे। इसके पहले एक और अग्निकांड मंगलनाथ धर्मशाला के नजदीक आड़ा बाजार के पास में हुआ है ।

## 4 दिन से लापता 4 साल के मासूम का शव नाले में मिला, परिजनों ने जताई थी अपहरण की आशंका



**इन्दौर ।** 17 सितम्बर से लापता भागीरथपुरा में रहने 4 वर्षीय मासूम बच्चे का शव एसडीआरएफ की टीम को एमआर 10 स्थित नाले से मिल गया है। मामला बाणगंगा थाना क्षेत्र का है और मासूम चार दिन पहले लापता हो गया था। परिजनों ने उसके अपहरण की आशंका जताई थी। पुलिस उस एंगल से भी उसकी तलाश कर रही थी। वहीं एसडीआरएफ टीम भी उसकी सर्चिंग में लगाई गई थी। बाणगंगा थाना पुलिस के अनुसार भागीरथपुरा से 4 साल का मासूम बच्चा किशु पिता राहुल बागवान विगत दिनों लापता हो गया था। गुरूवार को एसडीआरएफ की टीम ने नाले में सर्चिंग की थी। वही आसपास के डेरो में भी उसकी तलाश की थी। लेकिन बच्चे की कोई जानकारी नही मिली थी। पुलिस और एसडीआरएफ की टीमों द्वारा आसपास के इलाको में लगातार उसकी सर्चिंग करवाई जा रही थी। लेकिन कोई खास सफलता नही मिल रही थी। शुक्रवार को फिर से जब टीमें सर्चिंग के लिए निकलीं तो बच्चे का शव एमआर 10 नाले में तैरता मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा इलाके में जांच कार्रवाई शुरू कर दी है।

## जिस 4 वर्षीय मासूम बच्चे के लापता होने के पोस्टर हो रहे थे वायरल उसकी लाश नाले में बहते मिली...

इंदौर के भागीरथपुरा में रहने वाले जिस 4 वर्षीय मासूम किशु पिता राहुल बागवान की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही थी उसकी लाश अभी एमआर-10 नाले में बहते मिली... पहले परिजनों को उसके अपहरण होने का शक था, लेकिन एसडीआरएफ की टीम ने जब सर्चिंग की तो बच्चे का शव नाले में बहता मिला, जिसका अरबिन्दो अस्पताल में पोस्टमार्टम जारी है.. !

## खजराना और लवकुश फ्लायओवरों में बाधक दोनों मंदिरों की सफल शिफ्टिंग

**इंदौर।** प्राधिकरण द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों पर इन दिनों फ्लायओवरों का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें खजराना और लवकुश चौराहा के फ्लायओवरों में दो मंदिरों की बाधा थी, जिनकी पितृपक्ष शुरू होने के पहले रात को सफल शिफ्टिंग करा दी गई। खजराना फ्लायओवर की एक भुजा तो लगभग पूरी तरह तैयार है, जिस पर से यातायात गुजारने की भी तैयारी है। मगर दूसरी भुजा की राह में खजराना गणेश मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते पर ग्रीन बेल्ट की जमीन पर बना राम हनुमान मंदिर बाधा बन रहा था। कलेक्टर आशीष सिंह क्षेत्र के लोगों और मंदिर में पूजा करने वालों से चर्चा कर रहे थे और फिर फ्लायओवर के बोगदे में ही प्राधिकरण द्वारा मंदिर का निर्माण किया गया, जिसमें शिफ्ट किए गए मंदिर की प्रतिमाओं को विराजित किया गया। मंदिर के पुराने भवन को तोडक़र फ्लायओवर के लिए रास्ता भी बना लिया गया है और अब तेजी से दूसरी भुजा का काम भी शुरू हो गया। इसी तरह लवकुश चौराहा पर प्रदेश का पहला डबल डेकर फ्लायओवर निर्मित हो रहा है। उसके निर्माण में भी एक शिव मंदिर की बाधा आ रही थी, उसे भी कलेक्टर आशीष सिंह और सीईओ आरपी अहिरवार द्वारा संवाद कर निराकृत किया गया।

# दो दिन एयरपोर्ट पर बंदी मेहमान बनकर रहने के बाद शारजाह लौट गए पाकिस्तानी नागरिक

**इंदौर ।** इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय विमानतल पर देर रात शारजाह से आई फ्लाइट में आए दो पाकिस्तानी नागरिकों को दो दिनों तक एयरपोर्ट पर रखने के बाद कल रात की फ्लाइट से वापस शारजाह भेज दिया गया। इन यात्रियों के पास शारजाह से दिल्ली का वीजा था, लेकिन ये गलती से इंदौर आ गए थे, जिसके चलते इन्हें एयरपोर्ट पर ही रोक लिया गया था। उल्लेखनीय है कि मंगलवार रात एयर इंडिया एक्सप्रेस की शारजाह से आने वाली फ्लाइट में दो पाकिस्तानी नागरिक विक्की कुमार और पूनम कुमारी इंदौर पहुंचे थे। इमिग्रेशन जांच के दौरान सामने आया कि दोनों के पास शारजाह से दिल्ली का वीजा है। इस पर दोनों को एयरपोर्ट पर ही रोकते हुए वापस शारजाह भेजने के निर्देश दिए गए। शारजाह के लिए अगली फ्लाइट कल, यानी गुरुवार रात की होने से दो दिनों तक दोनों ही यात्री एयरपोर्ट पर बंदी मेहमान के रूप में रहे। इन्हें एयरपोर्ट पर ही डिटेंशन रूम में ठहराया गया था। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तानी नागरिक भारत में सिर्फ दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई पर ही सीधे जा सकते हैं। इसके बाद वे देश में कहीं भी घूम सकते हैं। इसी कारण उन्हें इंदौर एयरपोर्ट से बाहर जाने से रोका गया। यात्रियों ने अधिकारियों को बताया कि उन्हें लगा कि यह फ्लाइट शारजाह से इंदौर होते हुए दिल्ली जाएगी, इसलिए वे इसमें सवार हुए। दोनों ही यात्री सिंधी समाज से हैं और घूमने के लिए पाकिस्तान से यूएई गए थे और भारत होते हुए दोनों को वापस पाकिस्तान जाना था। दोनों के कुछ रिश्तेदार भी भारत में रहते हैं, जिनसे मिलने वे लगातार भारत भी आते रहते हैं। गलत फ्लाइट में बुकिंग होने के कारण दोनों को ही दो दिनों तक एयरपोर्ट पर रुकना पड़ा। इसमें बड़ी गलती एयरलाइंस की भी है, क्योंकि अगर यात्रियों के पास दिल्ली का वीजा था तो उन्हें इंदौर की फ्लाइट में बैठने ही नहीं देना था।

## सीएम राईज स्कूल में खराब क्वालिटी का प्रश्नपत्र बच्चो को बांटा

### अंग्रेजी के पेपर में सैकड़ो बच्चे हुए परेशान, शिक्षक बोले –क्या कर सकते है हम

**पीथमपुर।** प्रदेशभर में शासकीय स्कूल में बाहरवी की त्रैमासिक परीक्षा शुरू हो गई है। बच्चे बोर्ड से पहले अपना तैयारियो का मूल्याकन कर रहे है। इसी बीच बाहरवी के दुसरे पेपर में बड़ी लापरवाही सामने आई है। जहा बच्चो को खराब प्रिंटिंग का पर्चा बांट दिया गया। इससे बच्चो को को पेपर हल करने में कॉफी समस्या आई। कई बच्चो का पेपर तक बिगड़ गया दरअसल, शुक्रवार को महू के शांति नगर स्थित शासकीय स्कूल में अंग्रेजी की परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों को फोटोकॉपी की गई प्रश्नपत्रों का वितरण किया गया। फोटोकॉपी की गुणवत्ता काफी खराब थी, जिसके कारण प्रश्नों की छपाई साफ नहीं थी और कई जगहों पर अक्षर और शब्द धुंधले या गायब थे। इस कारण विद्यार्थियों को प्रश्न समझने में कठिनाई का सामना करना पड़ा। परीक्षा के दौरान छात्रों ने कई बार शिकायत की, लेकिन विद्यालय प्रशासन की ओर से कोई तत्काल समाधान उपलब्ध नहीं हो सका। इस वजह से कई छात्रों को परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने में समस्या आई। कुछ छात्रों ने कहा कि प्रश्नों की अस्पष्टता के कारण वे समय पर उत्तर नहीं लिख पाए। परीक्षा दे रहे विद्यार्थियों ने बताया कि बारहवीं का अंग्रेजी का पेपर कॉफी खराब प्रिंटिग का था कुछ समझ नहीं आ रहा था। शिक्षकों को शिकायत की तो उन्होंने कहा कि हम क्या कर सकते हैं। विद्यार्थियों ने बताया कि बाहरवी बोर्ड की तैयारी के मध्यनजर त्रैमासिक परीक्षा मैं पढ़ाई का मूल्यांकन कर रहे थे, लेकिन प्रश्नपत्र सही नही होने से सही मूल्यांकन भी नहीं हो पाया और पेपर भी ठीक नहीं गया।

## इंदौर की 523 लाड़लियों ने गलती से ठुकरा दी राशि

**इंदौर।** प्रदेशभर की लाड़ली बहनाओं को हर माह मिल रही 1250 रुपए की किश्त के साथ एक नई पहल की गई , जिसमें गलती से महिलाएं लाड़ली बहना की किश्त को नामंजूर कर रही थीं, लेकिन बढ़ती सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को देखते हुए सीएम हेल्पलाइन द्वारा हर लाड़ली बहना के घर फोन लगाकर इस बात की जानकारी ली जा रही है कि उन्होंने लाड़ली बहना की राशि लेना नामंजूर किया है। इस पर इंदौर की 523 महिलाओ ने बताया कि उन्होंने ऐसा कभी नहीं चाहा। संभव है कि कम्प्यूटर आपरेटर की गलती के कारण उनसे हक त्याग हो गया हो। पता चला है कि इंदौर की 543 महिलाओंने लाड़ली बहना की किश्त की राशि अस्वीकार कर दी। इस पर मुख्यमंत्री हेल्प लाइन ने संज्ञान लेते हुए सभी महिलाओं के घर फोन लगाकर जब पूछताछ की तो पता चला कि 543 में से से 523 ने बताया कि उन्होंने उक्त राशि को कभी भी अस्वीकार नहीं किया है। इस पर पता चला कि पोर्टल पर एक कालम हक त्याग का भी है और कम्प्यूटर आपरेटर की गलती से इस कालम पर टिक मार्क लग गया हो।



## जाम गेट पर फिर देर रात पार्टी करने पहुंचे छात्रों को पुलिस ने बनाया मेंढक

**इंदौर।** जाम गेट पर देर रात पार्टी करने पहुंचे इंदौर के एक कॉलेज के 9 छात्रों को पुलिस ने डांट लगाई और मेंढक बनाया। पुलिस अब यहां लगातार देर रात गश्त कर रही है, ताकि दोबारा कोई घटना न हो। कुछ दिन पहले जाम गेट के पास सेना की रेंज में पार्टी करने पहुंचे सेना के दो प्रशिक्षु अधिकारियों और उनकी दो महिला मित्रों के साथ लूटपाट हुई थी। एक युवती से रेप भी किया गया था। हालांकि पुलिस ने मामले के सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन ऐसी घटना दोबारा न हो इसके लिए पुलिस अब लगातार महू क्षेत्र के पिकनिक स्पॉट पर निगरानी कर रही है। कल रात इंदौर के मेडिकेप्स कॉलेज के 9 छात्र-छात्राएं यहां पार्टी करने पहुंच गए थे। पुलिस ने उनको पकड़ लिया और पहले खूब डांट लगाई। इसके बाद उनको मुर्गा बनाया और मेंढक चाल चलवाई। इसके बाद उनसे कहा कि दोबारा रात में यहां आए तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस हिदायत के बाद उनको छोड़ दिया गया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## बहु के आत्महत्या मामले एएसपी बघेल मुश्किलो में घिरे

### जांच प्रभावित न हो इसलिए पद से हटाने की मांग

**पीथमपुर।** शहर के सबसे चर्चित हत्याकांड रूपेश बिरला हत्याकांड मामले में विवादों में रहे पीथमपुर के पूर्व सीएसपी वर्तमान खरगोन एडिशनल एसपी तरुणेंद सिंह बघेल मुश्किलों में घिरते नजर आ रहे हैं। एफआईआर होने के बाद एडिशनल एसपी बघेल पर जांच प्रभावित करने का आरोप लगा है। आरोप मृतिका श्रेया के परिजनों ने लगाए है। परिजनों को संदेह है की बघेल पद का दुरुपयोग कर जांच प्रभावित कर सकते है। उन्हे पद से हटाने की मांग की गई है। परिजनों का आरोप था की सारे सबूत होने के बाद भी पुलिस एफआईआर नही लिख रही थी, जिस कारण जिला न्यायालय की शरण लेनी पड़ी थी। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी



एडिशनल एसपी, उनके बेटे और पत्नी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

एएसपी के बेटे वरुण से श्रेया का विवाह 12 जुलाई 2024 को हुआ था और शादी के बाद से दहेज के लिए प्रताड़ित करने व अन्य कारणों से परेशान करने का आरोप था। आरोप है कि प्रताड़ना के कारण श्रेया सिंह डिप्रेशन में थी। जांच में पता चला था कि आत्महत्या से पहले उसकी पति वरुण से बात भी हुई थी। पिता वा अन्य रिश्तेदारों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। डीसीपी अभिनय विश्वकर्मा के मुताबिक, जांच के बाद केस दर्ज किया है।

पुलिस को दो सुसाइड नोट मिले थे जिन्हें जांच के लिए क्यूडी शाखा भेजा है। रिपोर्ट आने पर आगे कार्रवाई होगी। गौरतलब है, पुलिस जांच में देरी होने पर मायके पक्ष ने कोर्ट की शरण ली और कोर्ट ने भी केस दर्ज करने के निर्देश दिए थे। एसीपी नरेंद्र रावत द्वारा परिजनों के बयान व अन्य तथ्यों के आधार पर केस दर्ज हुआ है।

### इनका कहना है

तरुणेंद्र सिंह बघेल एडिशनल एसपी स्तर के अधिकारी है, उन पर कार्यवाही हम नही कर सकते।

**राकेश गुप्ता कमिश्नर इंदौर**
**एएसपी**





## महू गांव नगर परिषद जनप्रतिनिधियों का हंगामा पहुंचा थाने

### सीएमओ ने दर्ज कराई प्रतिनिधियों पर एफआईआर

**महू** मऊ गांव नगर परिषद के जनप्रतिनिधियों का हंगामा शुक्रवार को महू थाने तक पहुंच गया। गुरुवार को मौगांव नगर परिषद के कुछ जनप्रतिनिधियों ने वार्ड की समस्याओं को लेकर नगर परिषद कार्यालय के दरवाजे पर चूड़ियां टांग दी थी ।इस क्यों लेकर परिषद के कर्मचारियों ने नगर परिषद के बाहर विरोध दर्ज किया था। कर्मचारियों द्वारा विरोध किए जाने और सीएमओ वीरेंद्र सिंह राठौर को ज्ञापन सौंपने के पश्चात शुक्रवार को सीएमओ राठौर द्वारा महू थाने पहुंच कर कुछ जनप्रतिनिधियों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराई ।इस दौरान थाने पर पार्षद प्रतिनिधि ओर परिषद अध्यक्ष के बीच विवाद हो गया जिसे पुलिस ने हस्तक्षेप कर मामले को शांत करवाया।

### कांग्रेस द्वारा एफआईआर पर दर्ज कराया विरोध

सौपा टीआई को आवेंदन------पार्षद प्रतिनिधि के ऊपर एफआईआर दर्ज करवाए जाने के विरोध में कांग्रेस द्वारा थाना प्रभारी को आवेदन दिया गया। पार्षद प्रतिनिधि गौरव सोलंकी ने कहा कि हम जनता की समस्याओं को लेकर नगर परिषद कार्यालय गए थे। हमने सांकेतिक रूप से प्रदर्शन किया था ।

### यह बोल जवाबदार

थाना प्रभारी संजय द्विवेदी ने बताया कि महू गांव नगर परिषद के सीएमओ वीरेंद्र सिंह राठौर ने थाने आकर रिपोर्ट की है। हमने शासकीय कार्य मे बाधा पहुंचाने का प्रकरण दर्ज कर लिया है ।

## महू छावनी क्षेत्र में अवैध शराब दुकानों के संचालन पर जनहित याचिका: मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने जारी किया नोटिस

**महू (इंदौर समाचार)।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की माननीय डिवीजन बेंच, जिसमें न्यायमूर्ति सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति बिनोद कुमार द्विवेदी शामिल थे, ने एक महत्वपूर्ण जनहित याचिका (क्कढ्ढरु) पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार और मध्य प्रदेश सरकार सहित प्रमुख सरकारी प्रतिवादियों को नोटिस जारी किए हैं। यह याचिका महू छावनी क्षेत्र में बिना लाइसेंस के अवैध रूप से संचालित शराब की दुकानों के खिलाफ श्री गौरव सेन द्वारा दायर की गई थी, जिसमें छावनी अधिनियम, 2006 की धारा 277 का उल्लंघन किए जाने का आरोप है। याचिकाकर्ता श्री सेन, जिनका प्रतिनिधित्व अधिवक्ता श्री अभिनव पी. धनोदकर कर रहे थे, ने तर्क दिया कि अवैध रूप से संचालित शराब की दुकानें न केवल सार्वजनिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं, बल्कि नैतिक पतन और क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों में वृद्धि का कारण बन सकती हैं। याचिका में अदालत से अनुरोध किया गया कि वह इन अवैध दुकानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और कानून के अनुपालन को सुनिश्चित करने के निर्देश जारी करें। अदालत ने इस मामले में विभिन्न सरकारी संस्थाओं जैसे केंद्रीय रक्षा मंत्रालय, रक्षा संपदा महानिदेशालय, महू और लखनऊ की छावनी बोडों तथा स्थानीय प्रशासनिक निकायों को नोटिस जारी किए हैं। यह जनहित याचिका छावनी क्षेत्रों में कानूनी ढांचे को सख्ती से लागू करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है, जिससे इन विशेष क्षेत्रों में नागरिकों के हितों की सुरक्षा और प्रशासनिक अनुशासन सुनिश्चित किया जा सके। यह मामला छावनी अधिनियम के प्रावधानों के सख्त अनुपालन और कानूनी व्यवस्था की निगरानी की आवश्यकता को उजागर करता है।

## इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ की 41वीं वार्षिक साधारण सभा की बैठक सम्पन्न

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना ।** इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ की आज 41वीं वार्षिक साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई।

सभा की अध्यक्षता दुग्ध संघ के अध्यक्ष श्री मोतीसिंह पटेल ने की। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री दीपक शर्मा द्वारा संचालक मण्डल के समस्त संचालकगणों एवं अतिथियों का स्वागत किया गया। दुग्ध संघ के अध्यक्ष श्री मोतीसिंह पटेल ने अपने उद्बोधन में बताया कि दुग्ध संघ का वर्ष 2023-24 का वार्षिक टर्न-ओवर 658.00 करोड़ रूपये रहा है, जो आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 की वार्षिक कार्ययोजना अनुसार टर्न-ओवर 725.00 करोड़ रूपये होना संभावित है। दुग्ध संघ द्वारा वर्ष 2023-24 में 1309.00 लाख रूपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ ही एक ऐसा शीर्ष सहकारी उपक्रम है, जो वर्ष 2013-14 से लगातार अपनी दुग्ध समितियों के माध्यम से दुग्ध उत्पादक सदस्यों को लाभांश एवं बोनस का वितरण कर रहा है। साथ ही दुग्ध संघ की बहुप्रतिक्षित सॉची दुग्ध उत्पादक चिकित्सा



सहायता योजना का क्रियान्वयन प्रारम्भ कर दिया गया है। दुग्ध संघ के मुख्य संयंत्र परिसर में 30 मेट्रिक टन क्षमता के नवीन दुग्ध पावडर संयंत्र की स्थापना का कार्य एच.एम.टी कंपनी द्वारा पूर्ण कर लिया गया है एवं इसका संचालन नवम्बर 2024 में प्रारम्भ किया जायेगा। दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री दीपक शर्मा द्वारा दुग्ध संघ प्रतिनिधियों के समक्ष वार्षिक साधारण सभा की विषय सूची रखी गई। जिसका सदस्यों द्वारा सर्वानुमति से अनुमोदन किया गया। श्री पटेल द्वारा दुग्ध संघ संचालक मण्ड़ल एवं दुग्ध सहकारी समितियों के प्रतिनिधियों की सर्वानुमति एवं सहमति से विभिन्न घोषणाएं की गई। जिसमें दुग्ध समितियों के दुग्ध क्रय दर में 40 रूपये प्रतिकिलो फैट की वृद्धि करते हुए दूध क्रय दर राशि 770 रूपये प्रतिकिलो फैट भुगतान किया जायेगा। दुग्ध प्रदायक सदस्य की मृत्यू पर उनके वारिस को दी जा रही अनुग्रह राशि 10000 रूपये से बढाकर 20000 रूपये की गई। दुग्ध समितियों को दिये जा रहे कमीशन 10.00 रूपये प्रतिकिलो फैट को बढाकर 12.00 रूपये प्रतिकिलो फैट किया गया। दुग्ध समितियों द्वारा नवीन आटोमेटिक मिल्क कलेक्शन यूनिट क्रय करने पर 25 प्रतिशत राशि दुग्ध संघ स्तर से वहन की जायेगी। साधारण सभा में सर्वानुमति से प्रस्ताव पारित किया गया की इंदौर सहकारी दुग्ध संघ लगातार लाभ की स्थिति में चल रहा है इसलिए इसे राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड को नहीं दिया जाए। दुग्ध समितियों बी एम सी संचालन व्यय 50 पैसे प्रति लीटर से बढ़ाकर 60 पैसे प्रति लीटर दिया जाएगा।






# आय दो गुना करने के दावे करती है भाजपा सरकार, लेकिन लागत कर दी 10 गुना

## सैलाना में हजारों ट्रेक्टरो के साथ निकली किसान न्याय यात्रा, किसानों ने जताया आक्रोश

**रतलाम/ सैलाना।** सरकार किसानों की आय दोगुना करने के दावे कर रही है, किसान आत्महत्या करने के लिए मजबूर है। आज हर तरफ से किसान की स्थिति खराब है। खेती के लिए बीज, दवाई, ट्रैक्टर का डीजल, मजदूरी, परिवहन सबकुछ पिछले 10 सालों में 10 गुना महंगा हो गया है।

फसलों के दाम बढ़ने के बजाय कम ही हुए हैं। 10 साल से सोयाबीन फसल का समर्थन मूल्य 6 हजार रुपए करने की मांग की जा रही है, लेकिन सरकार के कान पर जूं भी नहीं रेंग रही है। किसान और गरीबों की कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही, बातें बहुत बड़ी-बड़ी की जा रही हैं। इस देश की रीढ़ किसान है, उसकी सुनना ही पड़ेगी। यह बातें यात्रा संयोजक और पूर्व विधायक हर्षविजय गेहलोत ने प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर सैलाना में आयोजित किसान न्याय यात्रा का नेतृत्व करते हुए कही। प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर जिला स्तरीय न्याय यात्रा सैलाना में सुसनेर विधायक बापूसिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को किसान न्याय यात्रा निकाली गई। न्याय यात्रा में हजारों की संख्या में किसान, ट्रैक्टर पर सवार होकर निकले तो बड़ी संख्या में पैदल भी मौजूद रहे। सरवन रोड से प्रारंभ होकर गोधुलिया तालाब तक पूर्व विधायक गेहलोत के साथ ही नेतृत्व में यह यात्रा निकली। बांसवाड़ा रोड से प्रारंभ हुई यात्रा सैलाना नगर के मार्गों से होते हुए रतलाम रोड स्थित गोधुलिया तालाब पर पहुंची। यहां पर सभा रखी गई। तपती धूप में किसान व कांग्रेस नेता बैठे रहे। कांग्रेस नेताओं ने केंद्र व प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया। किसान हाथों में सोयाबीन की सुखी फसल व सोयाबीन भी लेकर पहुंचे। यात्रा में रतलाम शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा, फैय्याज मंसूरी, पूर्व पार्षद राजीव रावत, बसंत पंड्या, किसान नेता डीपी धाकड़, राजेश पुरोहित, राजेश भरावा, जगदीश पटीदार श्रीराम चौधरी, कारूलाल निनामासमेत कांग्रेस नेता, पदाधिकारी व हजारों की संख्या में किसान मौजूद रहे।

## थाने में टीआई ने पत्रकारों से किया संवाद, क्राइम को रोकने सहयोग की अपील की

**सुसनेर, राष्ट्रीय जनभावना।** शुक्रवार को सुसनेर थाने पर थाना प्रभारी केसर राजपूत के द्वारा स्थानीय मीडियाकर्मियों के साथ बेठक कर



जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नगर में हो रहे क्राइम को रोकने हेतु तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग किये जाने की अपील पत्रकारो से की गई। ताकि नगर में हो रही चोरियों का खुलासा करने में सफ़लता मिल सके। साथ ही अपराधियों की जानकारी देने के लिये टीआई द्वारा मोबाइल नम्बर भी पत्रकारो को दिए गए।

## लोक शिक्षण संचालनालय से नियुक्ति ओआईसी ने किया सीएम राइज का निरीक्षण



**सुसनेर, राष्ट्रीय जनभावना।** लोक शिक्षण संचालनालय से नियुक्त ओएसडी व ओआईसी अर्चना अली ने आज शुक्रवार को डग रोड़ स्थित सीएम राइज स्कूल सुसनेर का निरीक्षण किया।

यहा उन्होंने प्रार्थना सभा, कक्षा संचालन, प्रयोगशाला, लाइब्रेरी एवं मूल्यांकन कार्य आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश स्कूल प्राचार्य नरेन्द्र लोहार व स्टाफ को दिए। निरीक्षण के पश्चात स्कूल परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर पीपुल संस्था के अतिक रहमान भी मौजूद रहे।

## नप का विशेष व्यापक सम्मेलन सम्पन्न, दुकानो की नीलामी, दशहरा व दीपोत्सव मनाने पर सर्वसम्मति से मिली मंजूरी

**सुसनेर, राष्ट्रीय जनभावना।** शुक्रवार की दोपहर में डाक बंगला रोड़ पर स्थित नगर परिषद सुसनेर में नप विशेष व्यापक सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें नप अध्यक्ष लक्ष्मी राहुल सिसोदिया, उपाध्यक्ष ममता राकेश जैन व सभी पार्षदों की सहमति से दशहरा उत्सव मनाने, पांच पुलिया पर नवनिर्मित दुकान नम्बर 2 की नीलामी करने तथा नवीन बस स्टैंड पर आईडीएसएमटी योजना के अंतर्गत दुकानों की नीलामी करने,


छायाः मुकेश हरदेनिया।

दीपोत्सव पर आतिशबाजी के लिये पटाखा दुकानों के स्थल का चयन एवं शुल्क वसूली करने एवं प्लाटो व भवनों के नामातंरण के प्रकरणों की स्वीकृति सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। इनके अलावा निराश्रित गोंवश के लिए वाहन की व्यवस्था को लेकर विचार कर एक वाहन तैयार करने पर सहमति प्रदान की गई। कुछ वार्डो में पुरानी दरो वाले कार्यो को भी निरस्त किया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद इबादुल्ल्ला खान, प्रेम बेन ईश्वरसिंह कावल, नईम मेव, प्रदीप सोनी, स्नेहा युगल किशोर परमार, कल्पना जितेंद्र सांवला, रेखा दिलीप जैन, राकेश क़ानूडिया, सोनिया अर्जुन जादमें, मीना पवन शर्मा, तबस्सुम इमरान खान व टोनी शेख, सीएमओ ओपी नागर, इंजीनियर अरविंद गोड व लेखापाल जमीउल रहमान आदि मोजूद रहे।

## भारतीय किसान संघ की बैठक सम्पन्न

**सुसनेर, राष्ट्रीय जनभावना।** भारतीय किसान संघ सुसनेर इकाई की मासिक बैठक कृषि उपज मंडी में कृषक भवन में संपन्न हुई। जिसमें जिले के पदाधिकारी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में जिला अध्यक्ष राम नारायण तेजर, सहमंत्री गोपाल चौधरी, जिला जैविक प्रमुख नंदकिशोर पाटीदार ने आगामी सीजन के लिए किसानों को लाइट व मंडी की व्यवस्था अच्छी हो जैसी समस्याओ को लेकर चर्चा की। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष प्रेम सिंह परमार, मंत्री अशोक पाटीदार, जैविक प्रमुख महावीर विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष दयाराम यादव, युवा वाहिनी तूफान सिंह व सह मंत्री महेश पंचोली एवं मंडल संयोजक मेहरबान सिंह, कमल सिंह उपस्थित रहे।



## दुर्घटना में मृत्यु होने पर प्रदान की सहायता राशि

**सुसनेर।** मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड सुसनेर संभाग के मोडी वितरण केंद्र के अंतर्गत ग्राम अंत्रालिया में दिनांक 3 मई 2023 को घटित विद्युत दुर्घटना में मृतक सियाराम पिता विष्णु प्रसाद निवासी देवपुर के पिता विष्णु प्रसाद को आर्थिक सहायता अनुदान राशि रुपए चार लाख का चेक सुसनेर संभाग के कार्यपालन यंत्री सिद्धार्थ बंबोरी के द्वारा प्रदान किया गया।

## शहर में सड़के हो रही खराब- हिम्मत कोठारी

### निगम आयुक्त से की मुलाकात

**रतलाम।** भाजपा के वरिष्ठ नेता पुर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी ने शहर में गुणवत्ताविहीन सड़कों के निर्माण को लेकर महापौर को पत्र लिखा था लेकिन पत्र लिखने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने के बाद शुक्रवार को नगर निगम कार्यालय पहुंचे और निगम आयुक्त व सिटी इंजिनियर से चर्चा की,निगम आयुक्त हिमांशु भट्ट ने सड़कों के परीक्षण कराने की बात कही है। पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी शुक्रवार को अपने समर्थकों के साथ नगर निगम में आयुक्त कार्यालय पहुंचे। उनके साथ पूर्व निगम अध्यक्ष दिनेश पोरवाल, सराफा एसोसिएशन अध्यक्ष झमक भरगट, प्रहलाद राठौड़ सहित अन्य नेता भी मौजूद थे। चर्चा के दौरान सिटी इंजीनियर जीके जायसवाल एवं सब इंजीनियर मनीष तिवारी भी मौजूद रहे।



### सबइंजीनियर तक निरीक्षण पर नहीं जाते

अधिकारियों से चर्चा के दौरान पूर्व मंत्री श्री कोठारी ने उनसे सवाल किया की गिट्टी में सीमेंट मिलती है? अधिकारी ने कहा हां तो उन्होंने पूछा आपने देखी?। आप कितनी बार निरीक्षण करते हैं आप तो क्या सब इंजीनियर भी मौके पर निरीक्षण करने नहीं जाता। श्री कोठरी ने कहा कि मेरा निवेदन है जो निर्माण हो तो सब इंजीनियर मौके पर देखें। श्री कोठारी ने यह भी आरोप लगाया कि गिट्टी में मानक अनुसार सीमेंट नहीं मिलाई जा रही है। श्री कोठारी ने शहर में बनी कुछ स्थानों की सड़कों का नाम लेते हुए अधिकारियों से उनके साथ चलकर निरीक्षण करने की बात भी कहीं।

### आम आदमी के पैसे का सदुपयोग हो

शहर में कुछ वर्षों में बनी सड़कों के उखड़ने का मुद्दा उठाते हुए पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी ने निगम आयुक्त को बताया कि आम आदमी जो टैक्स देता है उसे ही आपको सैलरी और मुझे पेंशन मिलती है। उसी पैसे से विकास कार्य भी होते हैं। जनता के पैसे का सदुपयोग,हो, दुरुपयोग नहीं।

श्री कोठारी ने शहर में बनी सड़क की गुणवत्ता पर तिखी बहस करते हुए कहा कि 13 साल पहले मेरे घर के सामने जो सड़क बनी है आप उसे देखें और आज जो सड़क बन रही है आप उसे देखें। आपका कोई मापदंड तो होगा उससे सड़क की गुणवत्ता पता करें।

### ये सड़क हुई खराब

शहर के नोलाईपूरा से चौमुखीपुल,गेडला सेव भण्डार से लक्ष्मी बाई स्कूल, बाजना बस स्टैंड से अमृत सागर तालाब की सड़क बनने के बाद खराब हो चुकी है।

### अधूरी सड़कों का मुद्दा भी उठाया

श्री कोठारी ने लंबे समय से अधूरी पड़ी सड़कों का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि 80 फीट रोड का निर्माण शुरू हुए लंबा समय हो गया है लेकिन अभी तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है। इस पर अधिकारियों ने कहा कि जैसे-जैसे पैसे आते हैं वैसे-वैसे कार्य करवाते हैं। श्री कोठारी ने कहा कि यह गलत है इससे जनता परेशान होती है?।

### नजारा देखा और चले गए कमरे में

पूर्व गृह मंत्री हिम्मत कोठारी जब नगर निगम कार्यालय में आयुक्त से चर्चा कर बाहर निकले और पत्रकारो से चर्चा कर रहे थे तब अचानक वहां पर महापौर प्रहलाद पटेल भी आ गए लेकिन उन्होंने यह सब नजारा देख कर अपने कमरे में चले गए और वरिष्ठ नेता से चर्चा करना भी उचित भी नहीं समझा जो कि शहर में चर्चा का विषय बना रहा।

### इनका कहना

उनके द्वारा कुछ सड़कों की बात संज्ञान में लाया गया है। मेरे द्वारा निर्देश जारी किए गए कि किसी ठेकेदार काम खराब पाया जाता है तो काम रिजेक्ट कर दिया जाए और उनकी एसडी वापस नहीं की गई तो उसे नहीं दिया जाए ओर उससे पुनः कार्य कराया जाए।यह भी निर्देश दिए गए कि जो गारंटी पीरियड में जितनी ही सड़के है उनका प्रति माह निरीक्षण, परिक्षण किया जाए। जनसामान्य की सुविधा के लिए एक बोर्ड लगाया जाएगा जिसमें सड़क बनाने में कितना बेस,रेशों रहेगा यह लिखा रहेगा साथ ही इंजिनियर के नम्बर भी लिखा रहेगा।

**हिमांशु भट्ट, निगम आयुक्त नगर निगम रतलाम**

## सहकारी नेतृत्व विकास प्रशिक्षण सम्पन्न

**रतलाम।** राष्ट्रीय सहकारी शिक्षा केन्द्र नई दिल्ली के सहयोग से जिला सहकारी संघ मर्यादित, रतलाम द्वारा जावरा तहसील की दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्थाओं के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं संचालकों का तीन दिवसीय नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम 18 से 20 सितम्बर तक जावरा में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में तीन दिवस में प्रशिक्षणार्थियों को दुग्ध सहकारी संस्था की प्रबंध व्यवस्था, सहकारी आन्दोलन का इतिहास, वर्तमान परिदृश्य, सहकारिता के सिद्धांत, सहकारी संस्थाओं में होने वाली बैठकें, आमसभा, अंकेक्षण प्रक्रिया, उपनियम की विस्तृत जानकारी सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र इन्दौर के पूर्व प्राचार्यद्वय के. एल. राठौर, निरंजनकुमार कसारा एवं जिला सहकारी संघ मर्यादित रतलाम के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिरुद्ध शर्मा ने दी। कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को उत्कृष्ट दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित ग्राम रोजाना तहसील जावरा का अध्ययन भ्रमण करवाया गया जहाँ संस्था की गतिविधियों एवं क्रिया कलापों की विस्तृत जानकारी दी गई। दुधारू पशुओं के रखरखाव एवं प्रारंभिक स्तर पर होने वाली बीमारियों के उपचार पर पशु चिकित्सक जे.सी. राठौर ने जानकारी दी।

## प्रतिदिन एक थाना एक चौकी का भ्रमण करूंगा

### नारकोटिक्स हेल्पलाइन चालू करेंगे, गुंडे बदमाशों को प्रतिदिन थाने पर देना होगी हाजिरी

**रतलाम।**

जिले व शहर भर में पुलिस की एक्टिविटी दिखे, आम नागरिक व जनता से पुलिस का सतत संपर्क बना रहे, प्रतिदिन वाहन चेकिंग, नारकोटिक्स हेल्पलाइन प्रारंभ करन मेरी प्राथमिकता रहेगी। यह बात नवागत पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने पहली बार पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहीं उन्होंने कहा कि रतलाम बहुत प्यार शहर है यहां के बहुत प्यारे लोग हैं मेने पिछले 6 दिनों में कई थाना क्षेत्र में भ्रमण कर स्थिति को देखा भी है। जिले में पुलिस एक्टिविटी दिखे इसके लिए मैं कम्युनिटी पुलिसिंग पर जोर देकर प्रत्येक व्यक्ति से जीवित सम्पर्क, क्षेत्र वार पेट्रोलिंग तथा थाना क्षेत्र में रहने वाले गुंडे बदमाशों की प्रतिदिन परेड करने के निर्देश दिए हैं, आम जनता से कम्युनिकेशन गैप ना हो इसके लिए बीट प्रभारी, थाना प्रभारी आम जनता से सम्पर्क बनाए रखने को कहा गया है।



### प्रतिदिन एक थाना, एक चौकी का भ्रमण

पुलिस अधीक्षक ने श्री कुमार ने बताया कि मैं स्वयं प्रतिदिन एक थाना एक चौकी का भ्रमण करूंगा और प्रत्येक कांस्टेबल से बात करूंगा तथा क्षेत्र की जानकारी लूंगा। मोहल्ला बैठक व गांव में भी जाकर आम जनता से बात करूंगा साथ ही साप्ताहिक पुलिस डायरी जो पूर्व से चली आ रही है वह भी जारी रहेगी शहर में तेज हार्न बजा कर वाहन चलाने वाले, साइलेंसर पर भिन्न-भिन्न आवाज निकालने वाले, बदमाशी करने वालों पर कड़ी निगरानी रखने के उद्देश्य से वाहन चेकिंग भी प्रारंभ की जाएगी। शहर के सरार्फा बाजार (चांदनी चौक) में प्रतिदिन पेट्रोलिंग होगी तथा बैंकों की प्रतिदिन चेकिंग भी प्रारंभ कर दी गई है। मातृशक्ति को पावरफुल करने के उद्देश्य से महिलाओं की भागीदारी भी चेकिंग के दौरान बढ़ाई जाएगी। साथ ही शहर के संस्थान पेट्रोल पंप, स्कूल संचालक सरार्फा व्यवसायी, समाज सेवी संस्थाएं सहित अनेक लोगों से थाना व जिला स्तर पर चर्चा की जाएगी।

### एक दिवस एक रोड़ अभियान चलेगा

शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु करने के उद्देश्य से एक दिवस एक रोड़ अभियान प्रतिदिन चलाया जाएगा जिसमें पुलिस के साथ, नगर पालिका मिलकर चयनित एक सड़क का यातायात सुगम कैसे हो सके तथा वहां पर फालतू खड़े वाहनों को हटाने जाने की कार्रवाई तथा शहर में बार-बार लगने वाले जाम से निजात कैसे मिले उसके लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।

### गुंडे बदमाश को देना होगी थाने पर हाजिरी

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गुंडे बदमाशों को बक्शा नहीं जाएगा उन्हें थाने पर प्रतिदिन हाजिरी देना होगी थाना क्षेत्र में होने वाली घटनाओं के बारे में बीट प्रभारी को जवाब देना होगा। मोहल्ला ,नगर व गांव में किसी प्रकार की घटना को कारित करने वाले, घटना कराने वाले पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

### नारकोटिक्स हेल्पलाइन प्रारंभ करेंगे

पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार ने बताया कि रतलाम शहर व जिले में नशीली वस्तु के कारोबार पर हमारी नजर रहेगी, पता भी चला है की शहर में एमडी का कलचर है तथा पड़ोसी राज्य राजस्थान के कुछ स्थानों से यहां पर एमडी लाई जाती है जिसकी रोकथाम के लिए कड़े प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए शहर व गांव में पोस्ट लगाए जाकर हेल्पलाइन नम्बर भी जारी किए जाएंगे ताकि आम जनता के माध्यम से भी खबर मिल सके पुलिस को सूचना देने वालों का नाम भी गोपनीय रखा जाएगा।

### सीसीटीवी कैमरे और बढ़ाए जाएंगे

रतलाम शहर में वैसे तो अधिकांश जगह कैमरे लगे हुए हैं फिर भी आवश्यक आवश्यकता अनुसार चिन्हित स्थानों पर और कैमरे लगाए जाएंगे। पत्रकार वार्ता के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश खाखा भी उपस्थित थे।

## महिला सशक्तता एवं सदस्यता अभियान के अंतर्गत भाजपा महिला मोर्चा की बैठक संपन्न

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा सूरजमल मंडल की एक अति आवश्यक बैठक कैबिनेट मंत्री चैतन्य काश्यप एवं जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय के निर्देश पर वार्ड क्रमांक 26 में निज निवास पर रखी गई। बैठक में उपस्थित महिलाओं



को भारतीय जनता पार्टी की ऑनलाइन सदस्यता भी दिलाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए सूरजमल मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष भारती राहुरी द्वारा अधिक से अधिक महिलाओं को भारतीय जनता पार्टी से जुड़ने का आह्वान किया गया। वार्ड 26 प्रभारी दीपिका गुर्जर द्वारा उपस्थित महिलाओं को भारतीय जनता पार्टी द्वारा विशेष कर महिलाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में 100 से अधिक सदस्य बनाने पर वार्ड प्रभारी दीपिका गुर्जर का उपस्थित महिलाओं द्वारा सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार बुथ अध्यक्ष संगीता गुर्जर व श्रुति रांका जैन द्वारा माना गया। भारतीय जनता पार्टी सूरजमल मंडल के उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित रही।

## पार्षद पति का मोबाइल हुआ हेक फर्जी मैसेज देने की शिकायत थाना मांधाता व अन्य विभागों में की



**ओंकारेश्वर ( निप्र )।** नगर परिषद पार्षद राधाबाई पति एवं भाजपा नेता सुनील सोने का मोबाइल हुआ हैंक अज्ञात व्यक्ति मोबाइल का कर रहा दुरुपयोग फर्जी मैसेज दिए जा रहे सभी से सावधान रहने कि भाजपा नेता ने की अपील थाने बैक में दिया आवेदन ओंकारेश्वर के भाजपा नेता सुनील पिता चिंताराम सोने वार्ड क्र 10 पार्षद पति का मोबाइल नंबर 975479099 अज्ञात व्यक्ति द्वारा हेंक किए जाने तथा फर्जी मै सेज ग्रुप में डाले जाने को लेकर थाना मांधाता बैंकों में उचित कार्रवाई के लिए सूचना दी गई है सोने सभी से अपील की है कि फर्जी मैसेज से सावधान रहें मेरा मोबाइल किसी ने हैक कर लिया है खंडवा जिला भाजपा उपाध्यक्ष श्याम सिंह मौर्य से चर्चा करते हुए सुनील सोने ने मोबाइल हैंक होने की सूचना भाजपा के नेताओं को भी दी.

## सिद्धवरकूट के आजीवन ट्रस्टी बने आशीष चौधरी



**ओंकारेश्वर ।** जैन समाज के युवा समाजसेवी आशीष चौधरी को सिद्ध क्षेत्र सिद्धवरकूट जिला खंडवा का आजीवन ट्रस्टी मनोनित किया है ।उक्त जानकारी ट्रस्ट अध्यक्ष अमित कुमार सिंह कासलीवाल ने ओंकार बाग मोरटक्का में आयोजित कलशाभिषेक समारोह में देते हुए बताया कि ट्रस्ट के रिक्त पदों पर ट्रस्ट कमेटी ने सर्व सम्मति से चार ट्रस्टी मनोनित किए हैं। क्षेत्र के प्रति समर्पित आशीष चौधरी,विजय काला,कैलाश जैन मोटाघर ,सुभाष सामरिया प्रेम टेक्स टाइल बड़वाह, को ट्रस्ट कमेटी में मनोनित किया गया है। उल्लेखनीय हैं कि आशीष चौधरी सनावद सिद्ध क्षेत्र पावागिरि ऊन के ट्रस्टी ,महावीर ट्रस्ट मध्य प्रदेश के मंत्री ,डोगरे महाराज ट्रस्ट में ट्रस्टी,राय बहादुर सेठ ओंकार जी कस्तूरचंद पारमार्थिक संस्था के मंत्री ,दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भारतीय जैन संगठन जिला खरगोन के संरक्षक,मालव प्रांतिक सभा ,सिद्ध क्षेत्र बावनगजा ,अतिशय क्षेत्र मक्सी , सराफा एसोशियेशन अध्यक्ष आदि विभिन्न पदों पर अपनी सेवा दे रहे हैं। सिद्धवरकूट निमाड़ की पहचान है आशीष चौधरी नव नियुक्त ट्रस्टी आशीष चौधरी ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मेरे पूज्य पिताजी स्वर्गीय श्री इंदरचंद जी चौधरी ने आजीवन वर्किंग ट्रस्टी व महामंत्री के रूप में 25वर्षो तक क्षेत्र की सेवा की हैं जीवन दायिनी मां नर्मदा के तट पर स्थित सिद्धवरकूट व ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग तीर्थ हमारी पहचान सम्पूर्ण भारत में कराते हैं। सिद्धवरकूट से दो चक्री दस कामकुमार सहित साढ़े तीन करोड़ मुनि मोक्ष पधारे हैं। जैन जगत का यह 20हजार वर्ष पुराना तीर्थ है। क्षेत्र का विकास निरंतर जारी है,अमित कासलीवाल के नेतृत्व में क्षेत्र को सर्वोन्नत बनाने का प्रयास जारी रहेगा।

## ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर में महाराष्ट्र से आ रहे मावे मिष्ठान की जांच की मांग उठी

**ओंकारेश्वर - ( नि प्र ) ।** ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर में महाराष्ट्र के लोगों द्वारा मावे के मिठाइयां बिना गुणवत्ता के बेची जा रही है तो वही ज्योतिर्लिंग मंदिर ओंकारेश्वर में बना रहे लड्डू पर भी अब उठने लगे सवाल जिम्मेदार विभाग कुंभकरण ने निद्रा में सोए ओंकारेश्वर विकास संघर्ष समिति ने जिला प्रशासन से प्रसाद वितरण परसवाल उठाते हुए जांच की मांग की तथा महाराष्ट्र के आ रहे केमिकल युक्त मावे की भी जांच की मांग की तिरुपति बालाजी में लड्डुओं में फिश का तेल एवं चर्बी की मात्रा मिलाई गई क्या ओंकारेश्वर में बनने वाले लड्डू की भी जांच होना चाहिए एवं ओंकारेश्वर तीर्थ में मिलने वाले मावे के पेड़े जो महाराष्ट्र के लोग रात्रि 2:00 बजे वहां से लाकर यहां दुकानदारी कर रहे उनकी भी जांच होना आवश्यक है हमारे यहां बिकने वाले लड्डू की भी क्या शुद्धता हो सकती है यह भी जांच का विषय है । महाराष्ट्र के लोग मारुति से यह मावा लाकर यहां बेच रहे हैं इसको लेकर जिम्मेदार विभागों को कई बार शिकायत करने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर में श्रीजी मंदिर ट्रस्ट द्वारा लड्डू बनाए जा रहे हैं इसमें कितनी गुणवत्ता है इस पर भी सवाल उठने लगे हैं.

## निकाय की दुकानों का बकाया टैक्स जमा नहीं करने पर दुकानों पर नगर परिषद लगाएगी ताले




**ओंकारेश्वर ( नि प्र )।** सोमवार को नगर परिषद टैक्स नहीं भरने पर लापरवाही बर्तने वाले दुकानदारों की दुकानों पर लगाएगी ताले नगर परिषद ओंकारेश्वर के विभिन्न वार्डों में निकाय की दी गई दुकानों का स्वनिर्धारण नहीं किए जाने तथा दी हुई दुकानों पर राशि जमा नहीं किए जाने को लेकर परिषद सीएमओ संजय गीते ने दिए कड़े निर्देश दिए निकाय क्षेत्र की होटल अन्य दुकानदारों द्वारा स्वच्छता का ध्यान नहीं दिए जाने पर जुर्माना आरोपित कर सोमवार से कि जाएगा कार्यवाही ब्रह्मपुरी बस स्टैंड व अन्य स्थानों पर नगर परिषद की दुकानों पर जिनके द्वारा बकाया किराया है सोमवार तक जमा नहीं किया तो लगाए जाएंगे ताले नगर परिषद राजस्व निरीक्षक नीरज रावत ने बताया कि ई नीलामी से नी लाम की गई दुकानदारों का बकाया राशि भी जमा नहीं किए जाने पर प्रभावी कार्रवाई होगी.

# जीवन में माता पिता और गुरु की सेवा ही सर्वोपरि : अंकितकृष्ण

## कैसे कैसे लोग ऐसे ऐसे हो गए और ऐसे ऐसे लोग कैसे कैसे हो गए, श्रीमद्भागवत की द्वितीय दिवस की कथा सम्पन्न



**खण्डवा।** मनुष्य के जीवन में माता ,पिता और गुरु की सेवा ही सर्वोपरि हैं।माता पिता और गुरुजनों के आशीर्वाद में बड़ी ताकत होती हैं। जीवन में यदि मान , पद, या प्रतिष्ठा मिल जाए तो उसे ईश्वर की कृपा मानकर भलाई के कार्य में लगाए ।उपरोक्त उदगार श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ समिति खण्डवा द्वारा 19 सितंबर से 25 सितंबर तक पुरानी अनाज मंडी प्रांगण में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस व्यासपीठ पर विराजित पंडित अंकित कृष्ण तेनगुरिया बटुक जी महाराज श्री बटेश्वर धाम विदिशा ने व्यक्त करते हुए कहे। समिति के मीडिया प्रभारी नारायण बाहेती व सुनील जैन ने बताया कि श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ समिति खण्डवा के संरक्षक हरिप्रसाद बंसल, अध्यक्ष रामस्वरूप बाहेती, सचिव शेलेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष घनश्याम दास शाह, मुख्य जजमान ललित सेन सह जजमान विष्णु बाहेती ने व्यासपीठ का विधि विधान से पूजन किया। द्वितीय दिवस की कथा में बटुक जी महाराज ने कहाकि भगवान की भक्ति के प्रभाव से असम्भव भी सम्भव हो जाता है।उन्होंने कालिदास जी की दो पंक्तियां कैसे कैसे लोग ऐसे ऐसे हो गए और ऐसे ऐसे लोग कैसे कैसे हो गए ।

इन पंक्तियों की विस्तृत व्याख्या की। आचार्य पंडित लक्ष्मीदत्त दाधीच व 27 पंडित नियमित पारायण कर रहे है।कथा में मांगीलाल जांगिड़,पंकज शाह, अनिल बाहेती, नारायण बाहेती, विनोद डहलिया, सुधीर दलाल, संजय पालीवाल, विजय राठी, ललित सेन, मांगीलाल जांगिड़, राजेन्द्र अग्रवाल, संदीप माहेश्वरी, कृष्णदास हुरकट, पूनमचंद शर्मा, प्रमिला शर्मा, प्रिया जाखेटीया,योगिता माहेश्वरी, ओम दलाल, ओम दशोरे, राजनारायण परवाल, राजेन्द्र बंसल गोपाल बाहेती, केदार कचोलिया के साथ ही विभिन महिला संगठनों ,लायन्स ,रोटरी व सामाजिक संगठनों के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। श्री बटेश्वर भागवत सेवा संस्थान के मुख्य विवस्थापक पं. आकाश दुबे व साथियों का सहयोग रहा। महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कथा का विराम हुआ।सचिव शैलेन्द्र अग्रवाल ने सभी का आभार माना।

## किशोर नगर में होगा श्राद्ध मोक्ष श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन 25 सितम्बर से, निकलेगी भव्य कलश यात्रा

**खंडवा।।** किशोर नगर रहवासी संघ एवं श्री मनोकामनेश्वर हनुमान मंदिर प्रबंधन समिति एवं मनोकामनेश्वर महादेव जी सेवा समिति के तत्वावधान में बुधवार 25 सितम्बर से मंगलवार 01 अक्टूबर तक श्रीमद् भागवत कथा का दिव्य आयोजन खंडवा के कथा व्यास पूज्य पं मनोज उपाध्याय जी के मुखारविंद से होने जा रहा है। यह जानकारी देते हुए समिति प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि संघ अध्यक्ष पं प्रेमनारायण तिवारी के दिशानिर्देश में 25 सितम्बर को प्रातः 11 बजे किशोर नगर स्थित हनुमान मंदिर वाटिका से मातृशक्ति की उपस्थिति में एक भव्य कलश यात्रा क्षेत्र में निकाली जाएगी। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक किशोर नगर में होगा। श्री मनोहर चंदानी ने कहा कि हिंदू मान्यताओं में पितृपक्ष में श्राद्ध दान काफी महत्वपूर्ण माने गए हैं। पितरों को समर्पित इन दिनों में कुछ उपाय करने से पितरों का आशीर्वाद पाने के साथ पितृ दोष भी दूर हो सकता है। वहीं इन दिनों विशेष तौर पर पितरों को तर्पण देने का विशेष महत्व है, जिससे आपके पितृ खुश रहते हैं। इसलिए अपने पूर्वजों कि आत्म शांति करने और घर की सुख-समृद्धि और वंश वृद्धि के लिए पितृ पक्ष के दौरान होने वाली श्राद्ध पक्ष श्री मद्भागवत कथा का रसपान अवश्य करें। धर्मप्रेमी जनता से होने वाले इस आयोजन का लाभ लेने की अपील किशोर नगर रहवासी संघ, रिद्धि-सिद्धि महिला मंडल, श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर, महिला मंडल आनंद नगर, सुभाष नगर, शुक्ला नगर, सदस्यों द्वारा की गई है।

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत टेनिस प्रशिक्षण केंद्र पर किया गया वृक्षारोपण,




**खंडवा ।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत जिला मुख्यालय खण्डवा में खेल विभाग के टेनिस प्रशिक्षण केंद्र पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रशिक्षक, युवा समन्वयक एवं लॉन टेनिस खिलाड़ियों द्वारा पौधे रोपे गए एवं लगाए गए पौधों की सुरक्षा एवम संरक्षण का प्रण किया। कार्यक्रम में अमीन अहमद, जिला खेल प्रशिक्षक (ग्रेड 1), श्रीमती राधिका गंगराड़े ग्रामीण युवा समन्वयक विकासखंड खण्डवा एवम लॉन टेनिस खिलाड़ी उपस्थित थे,

## न्याय चौपाल की महिलाओं के साथ विधिक जागरूकता कायक्रम

**खण्डवा ।** माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खण्डवा के अध्यक्ष व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती ममता जैन के मार्गदर्शन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खण्डवा के सचिव/जिला न्यायाधीश श्री यशवंत मालवीय की अध्यक्षता एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी कुमारी अनुपमा मुजाल्दे के समन्वय से 20 सितम्बर को ए.डी.आर. सेंटर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खण्डवा में उदय सामाजिक विकास संस्था के सहयोग से न्याय चौपाल की महिलाओं के साथ विधिक जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर महिलाओं सहित उदय सामाजिक विकास संस्था के गणमान्य एवं पैरालीगल वालंटियर्स उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खण्डवा के सचिव एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा महिलाओं को नालसा, सालसा एवं विधिक सेवा योजना, घरेलू हिंसा, महिलाओं के अधिकार आदि की जानकारी दी गयी।

## सीतामऊ पुलिस ने अवैध शराब माफियाओ पर प्रभावी कार्यवाही की

**सीतामऊ (कांजी भाई ) ।**

पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनन्द के द्वारा समस्त थाना प्रभारी को अवैध शराब की तस्करी करने वाले अपराधीयो के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही करने के निर्देश दिये , इसी तारतम्य मे 19सितंबर को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गरोठ सुश्री हेमलता कुरील व एसडीओपी सीतामऊ श्रीमति निकिता सिंह के नेतृत्व मे थाना प्रभारी सीतामऊ निरीक्षक मोहन मालवीय के निर्देशन मे सउनि अजय सिंह बघेल व गठित टीम के द्वारा कार्यवाही कर दो प्लास्टिक के कट्टो से कुल 68.2 बल्क लीटर अवैध अंग्रेजी व देशी शराब ( बीयर , देशी मसाला , देशी प्लेन , अंग्रेजी) जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है ।पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया की पुलिस टीम ने मोरखेड़ा रोड़ से आरोपी केसरसिंह पिता प्रहलाद सिंह चौहान जाति राजपुत उम्र 50 साल निवासी मोरखेड़ा के कब्जे मे लिये दो प्लास्टिक के कट्टो से कुल 68.2 बल्क लीटर अवैध अंग्रेजी व देशी शराब ( बीयर , देशी मसाला , देशी प्लेन , अंग्रेजी) जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है । आरोपी से मोके पर ही जप्त शुदा शराब के स्त्रोत के संबंध मे पुछताछ करते आरोपी द्वारा जप्त शुदा शराब नीतेश बाछड़ा निवासी निरधारी से लेकर आना बताया । थाना वापसी पर दोनो आरोपीयो के विरूदध अपराध क्रमांक 549/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है । उक्त सराहनीय कार्य मे थाना प्रभारी सीतामऊ व टीम का विशेष योगदान रहा । जप्त मशरुका -पाँवर 10000 बीयर कुल 60 नग , . मेक्डोल्स कम्पनी के क्वार्टर कुल 07 नग, सुपर मास्टर कम्पनी के क्वार्टर कुल 8 नग , ऑफीसर चौईस कम्पनी के क्वार्टर कुल 9 नग, . पाँवर कुल स्ट्रांग बीयर कुल 5 नग , किंगफिशर बीयर कुल 03 नग , देशी मसाला क्वार्टर कुल 74 क्वार्टर , . देशी प्लेन शराब के क्वार्टर कुल 87 नग , गिरफ्तार आरोपी - केसरसिंह पिता प्रहलाद सिंह चौहान जाति राजपुत उम्र 50 साल निवासी मोरखेड़ा फरार आरोपी - नीतेश बाछड़ा निवासी निरधारी थाना नाहरगढ़ जिला मन्दसौर

## 20 से 30 सितंबर तक आयोजित होगा आयुष्मान पखवाड़ा

**खण्डवा ।** नोडल अधिकारी डॉ. रश्मि कौशल ने बताया कि आयुष्मान निरामयम योजना के 6 वर्ष होने पर 20 से 30 सितंबर 2024 तक ''आयुष्मान आपके द्वार'' थीम पर आयुष्मान पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य आयुष्मान भारत डिजिटल एवं आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के बारे में जागरुकता फैलाना है, तथा अधिक से अधिक आयुष्मान हितग्राहियों तक योजना का लाभ पहुंचाना है। पखवाड़े के अंतर्गत प्रत्येक दिन विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

## एस.एन. कॉलेज में दिशा दर्शन एवं एड्स जागरूकता अभियान कार्यक्रम तहत की गतिविधियां

**खण्डवा ।** 20 सितंबर को श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दिशा दर्शन कार्यक्रम तथा स्वच्छता ही सेवा अभियान एवं एड्स सघन जागरुकता अभियान 2024 तहत् जागरुकता गतिविधियां की गयी। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को जिला चिकित्सालय आई.सी.टी.सी. केन्द्र के परामर्शदाता जितेंद्र कुमार प्रजापति के द्वारा रेड रिबन क्लब द्वारा संचालित की जाने वाली समस्त गतिविधियों एवं एड्स सघन जागरूकता अभियान 2024 से संबंधित जानकारी दी गई। इसी क्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. आशुतोष तिवारी ने दिशा दर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत, बैज, उद्देश्य एवं सिद्धांत वाक्य, प्रमाण पत्र योजना, विभिन्न शिविर, नियमित गतिविधियों से संबंधित जानकारियाँ छात्र-छात्राओं को देते हुए उन्हें जन जागरुकता के लिए प्रेरित किया। स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के अंतर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक हेतु विद्यार्थियों को जागरूक किया गया तथा उन्हें कपड़े के थैले का आधिकारिक उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापक व अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## कृषि यंत्र अनुदान योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

**खण्डवा ।** कृषि यंत्र अनुदान योजनांतर्गत 19 सितम्बर से 29 सितम्बर तक कृषि यंत्र खरीदने हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये। सहायक कृषि यंत्री अधिकारी ने बताया कि कृषि यंत्र ट्रेक्टर चलित रीपर कम बाइन्डर, स्वचालित रीपर कम बाइंडर, रोटोकल्टीवेटर, मोटर ऑपरेटेड/ट्रेक्टर, ट्रेक्टर चलित/स्वचालित, मल्टीक्रॉप थ्रेशर क्षमता, एक्सियल फ्लो पैडी थ्रेशर 4 टन से कम एवं श्रेडरमल्चर के आवेदन पोर्टल पर आमंत्रित किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्राप्त आवेदनों के आधार पर 30 सितम्बर को लॉटरी सम्पादित की जावेगी। इच्छुक कृषक अधिक जानकारी के लिए सहायक कृषि यंत्री कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।




## जिला चिकित्सालय में आयुष्मान भारत योजना की दिलाई शपथ

**खण्डवा ।** आयुष्मान पखवाड़ा 20 सितंबर से 30 सितंबर तक मनाया जाना है, इसके तहत श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। पखवाड़े के प्रथम दिवस श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय सह नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में सिविल सर्जन डॉ. संजीव दीक्षित की अध्यक्षता में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आयुष्मान भारत योजना की शपथ दिलाई गई। शपथ का वाचन सहायक अधीक्षक संतोष मोखले एवं मेट्रन रेनू मेलुंदे द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. शक्ति सिंह राठौड़, मेडिकल कॉलेज सुपरिंटेंडेंट डॉ. रंजीत बड़ोले, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. अनिरुद्ध कौशल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## विक्षिप्त महिला को मानसिक चिकित्सालय बाणगंगा इंदौर भेजा

**खण्डवा ।** ग्राम रायपुर में रात 11 बजे मंदिर में एक महिला बैठी हुई थी, तब गाँव के एक व्यक्ति ने उसे देख नाम पता पूछना चाहा तो महिला बता नहीं पा रही थी, फिर उस व्यक्ति ने महिला हेल्पलाइन नंबर 181/1090 पर कॉल किया और मंदिर में अकेली बैठी हुई महिला को सूचना दी। महिला हेल्पलाइन ने यह जानकारी वन स्टॉप सेंटर खण्डवा को दी। जानकारी मिलने पर वन स्टॉप सेंटर (सखी) द्वारा पिपलोद थाना पुलिस की मदद से महिला को रात में ही वन स्टॉप सेंटर खंडवा लाया गया।

जब महिला की काउंसलिंग की गई तो महिला कुछ भी नहीं बताने की स्थिति में थी। जब महिला का स्वास्थ्य परिक्षण करवाया गया तो डॉक्टरों के द्वारा उसे मानसिक रोगी बताकर मानसिक चिकित्सालय इंदौर भेजने की सलाह दी गई। वन स्टॉप सेंटर ने महिला के परिवार की खोज खबर ली तो, महिला ग्राम गोंद्री, ब्लॉक खकनार जिला बुरहानपुर की निवासी निकली। महिला के माता पिता व पति को वन स्टॉप सेंटर में बुलवाया गया। बातचीत के दौरान उनके द्वारा बताया गया की इसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, यह हमेशा भटका करती है।

## महिला से सामूहिक बलात्कार के आरोपियों को भेजा जेल



**ओंकारेश्वर ( नि प्र )।** महिला से सामूहिक बलात्कार के तीनो आरोपी मांधाता पुलिस ने किया गिरफ्तार विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर सिविल न्यायालय मांधाता में पेश किया न्यायालय ने आरोपियों को भेजा जेल थाना प्रभारी अनोक सिह जानकारी देते हुए बताया थाना मान्धाता अंतर्गत फरियादीया ने थाना हाजिर आकर रिपोर्ट किया था दिनांक 01.09.2024 को में शिवराम बलाही के घर एक सामाजिक कार्यकम में गयी थी जो कार्यकम के पश्चात अपने मोरघडी कालोनी आ रही थी तभी उक्त आरोपियों ने मेरा रास्ता रोक कर मेरा मुंह दबाकर खंडहर के पीछे खुली जगह पर ले गये और तीनो ने बारी-बारी से मेरे साथ मेरी मर्जी के विरुध्द मेरे साथ गलत काम किया फरियादीया की रिपोर्ट पर थाना मांधाता पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में अनुभागीय अधिकारी (पुलिस) रविन्द्र बोयट के मार्गदर्शन में निरीक्षक श्री अनोखसिंह सिन्दया ने टीम गठित कर 24 घंटे के अंदर घटना में शामिल आरोपीगण राजेश पिता दिनेश बलाही, दिलीप पिता काशीराम बलाही व अजय पिता राजु भील सभी निवासी मोरघडी कालोनी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जिसमें थाना प्रभारी अनोखसिंह सिन्दया एवं उनकी टीम कि सराहनीय भूमिका रही ।



## थाना मांधाता क्षेत्र में अवैध कच्ची महुआ शराब बनाने कि सामग्री मांधाता पुलिस द्वारा नष्ट कि गयी

**ऑंकारेश्वर ( नि प्र )।** तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में अवैध शराब व मांस मदिरा बिकी को लेकर सख्ती दिखाने के कारण श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मनोज राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय ग्रामिण श्री राजेश रघुवंशी एवं अनुभागीय अधिकारी (पुलिस) महोदय श्री रविन्द्र बोयट के मार्गदर्शन में निरीक्षक श्री अनोकसिंह सिन्दया के द्वारा टीम गठित कि गई टीम में स्वंय निरीक्षक अनोकसिंह सिन्दया, उपनिरीक्षक रामदास यादव, सहायक उपनिरीक्षक मनोज खोडे, सहायक उपनिरीक्षक तुलसीराम यादव, प्र.आर.382 राकेश अवासे, महिला प्र.आर.469 सरिता जाट. आर.619 संतोष चौहान.07 जितेन्द करोले, 852 अमित कुशवाह शामिल होकर बैंक वाटर के किनारे स्थित घने जंगलो में बोट की मदद से करीबन 10 अवैध कच्ची शराब बनाने के स्थान को चिन्हित कर करीबन 200 छोटे-बड़े प्लास्टिक व लोहे के ड्रम में महुआ लहान करीबन 12700 लीटर किमती करीबन 2 लाख रुपये की नष्ट कि गयी.

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

**खण्डवा ।** ''स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता'' थीम पर प्रदेश में संचालित ÷स्वच्छता ही सेवा÷ 2024 अभियान अंतर्गत शुक्रवार को नगर परिषद मूंदी में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। शासकीय संत सिंगाजी महाविद्यालय मूंदी में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता की शपथ ली गई। इसके अलावा पंधाना एवं मूंदी में विद्यार्थियों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इसी क्रम में शुक्रवार को छनेरा के वार्ड क्रमांक 10 में पूर्व चिन्हित ब्लैक स्पॉट की सफाई कर डस्ट डालकर सड़क के गड्ढे को बंद किया गया। साथ ही नाली के मलबे को निकाला गया, जिसमें सभी वार्ड वासियों ने परिषद का सहयोग किया। इस पानी की समस्या का समाधान भी किया गया। स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत प्रतिदिन ऐसे चिन्हित ब्लैक स्पॉट को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने का कार्य नगर परिषद छनेरा द्वारा किया जा रहा है। साथ ही वार्ड वार गीला सूखा कचरा पृथक करने हेतु लगातार अभियान आयोजित किया जा रहा है।

## एक अनावेदक से भरवाया बंधपत्र

**खण्डवा ।** कलेक्टर श्री अनूप कुमार सिंह ने अनावेदक फिरोज उर्फ राजू पिता शरीफनिवासी वार्ड क्रमांक 12 छनेरा थाना हरसूद की आपराधिक पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुए 1 लाख रूपये का बंधपत्र भरवाकर प्रस्तुत करने के आदेश जारी किए गए है। जारी आदेश अनुसार अनावेदक से शर्तो का पालन करने संबंधी बंधपत्र भरवाया गया है। आदेश जारी होने की तिथि से आगामी 6 महीने तक अनावेदक को प्रत्येक माह के प्रथम एवं अंतिम सोमवार को संबंधित थाने में अपनी उपस्थिति दर्ज कराना होगी।

## आई.टी.आई. में प्रवेश के लिए च्वाइस फिलिंग 30 सितंबर तक

**खण्डवा ।** शासकीय आई.टी.आई. खेड़ी जिला खंडवा में रिक्त सीटों पर ''पहले आओ पहले पाओ'' की तर्ज पर प्रवेश प्रारंभ हो गये है। इसके लिए छात्र-छात्राऐं 30 सितम्बर तक डी.एस.डी. पोर्टल ूण्केकण्हवअण्पद के माध्यम से व्यवसाय वेल्डर, फिटर और कोपा व्यवसाय में रिक्त स्थान देखकर ट्रेड के लिए च्वाइस लॉक कर सकते हैं। साथ ही अलाटमेंट लेटर निकालकर आई.टी.आई. खेड़ी में उपस्थित होकर प्रवेश ले सकते हैं। आई.टी.आई. के प्राचार्य श्री एम.डी. सुनवैया ने बताया कि ''पहले आओ पहले पाओ'' राउण्ड के लिए नवीन रजिस्ट्रेशन एवं च्वाइस फिलिंग त्रुटि सुधार 30 सितम्बर तक किया जायेगा। आवेदक अधिक जानकारी के लिए मो. नं. 9425909651 एवं संस्था में व्यक्तिगत रूप से भी संपर्क कर सकते है।

## शासन निर्देशानुसार स्वभाव स्वच्छता

**खंडवा।** संस्कार स्वच्छता थीम पर संपूर्ण प्रदेश मे संचालित ÷स्वच्छता ही सेवा÷ 2024 अभियान अंतर्गत आज दिनांक 20.09.2024 को नगर परिषद मूंदी द्वारा कुल 12 गतिविधिया आयोजित की गई जिसमे कुल 10 गतिविधि विभिन्न वार्डो मे स्त्रोत पर पृथक्कीकरण से संबंधित समझाईश लोगो को दी गई पश्चात शासकीय संत सिंगाजी महाविद्यालय मूंदी मे उपस्थित छात्र-छात्राओ द्वारा स्वच्छता श्रमदान तथा स्वच्छता शपथ ली गई इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती ज्योतिबाला राठौर, सांसद प्रतिनिधि श्री चंद्रमोहन राठौर, पार्षद क्रमांक 01 पार्षद प्रतिनिधि श्री दिनेश चौधरी सहित स्व सहायता समूह के सदस्य तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री संजय जैन, स्वच्छता नोडल अधिकारी श्री आकाश शर्मा, स्वच्छता प्रभारी श्री माखनलाल कानुगो, सहायक स्वच्छता प्रभारी श्री शुभम चौहान, श्री सुरेन्द्र गुर्जर, श्री नवीन डोंगरे, श्री राम चंद्रवंशी, श्री चंदन चंद्रवंशी, श्री मोनू गौर, सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## सिद्धवरकूट निमाड़ की पहचान है: आशीष चौधरी



**खंडवा।** नव नियुक्त ट्रस्टी आशीष चौधरी ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मेरे पूज्य पिताजी स्वर्गीय इंदरचंद जी चौधरी ने आजीवन वर्किंग ट्रस्टी व महामंत्री के रूप में 25वर्षो तक क्षेत्र की सेवा की हैं जीवन दायिनी मां नर्मदा के तट पर स्थित सिद्धवरकूट व ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग तीर्थ हमारी पहचान सम्पूर्ण भारत में कराते हैं। सिद्धवरकूट से दो चक्री दस कामकुमार सहित साढ़े तीन करोड़ मुनि मोक्ष पधारे हैं। जैन जगत का यह 20हजार वर्ष पुराना तीर्थ है। क्षेत्र का विकास निरंतर जारी है,अमित कासलीवाल के नेतृत्व में क्षेत्र को सर्वोन्नत बनाने का प्रयास जारी रहेगा।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान पर लगातार काम कर रही नगर परिषद मुंदी



**मुंदी-शासन** निर्देशानुसार स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता थीम पर संपूर्ण प्रदेश मे संचालित स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान को अंतर्गत लगातार नगर परिषद मुंदी सीएमओ सहित उनके टीम टीम काम कर रही है शुक्रवार को नगर परिषद मूंदी द्वारा कुल 12 गतिविधिया आयोजित की गई जिसमे कुल 10 गतिविधि विभिन्न वार्डो मे स्त्रोत पर पृथक्कीकरण से संबंधित समझाईश लोगो को दी गई पश्चात शासकीय संत सिंगाजी महाविद्यालय मूंदी मे उपस्थित छात्र-छात्राओ द्वारा स्वच्छता श्रमदान तथा स्वच्छता शपथ ली गई इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती ज्योतिबाला राठौर, सांसद प्रतिनिधि श्री चंद्रमोहन राठौर, पार्षद क्रमांक 01 पार्षद प्रतिनिधि श्री दिनेश चौधरी सहित स्व सहायता समूह के सदस्य तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री संजय जैन, स्वच्छता नोडल अधिकारी श्री आकाश शर्मा, स्वच्छता प्रभारी श्री माखनलाल कानुगो, सहायक स्वच्छता प्रभारी श्री शुभम चौहान, श्री सुरेन्द्र गुर्जर, श्री नवीन डोंगरे, श्री राम चंद्रवंशी, श्री चंदन चंद्रवंशी, श्री मोनू गौर, सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## दुखद सूचना



**खंडवा।** स्व सुभाष यादव के निज सचिव रवि जोशी जी के पूज्य पिताजी महादेव जोशी जी के निधन की खबर दुःखद है, ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे एवं शोकाकुल परिवारजनों को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करे ।

# श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज खंडवा ने हर्षोल्लास के साथ मनाई विश्वकर्मा जयंती

### कुटुंब प्रबोधन द्वारा किया गया परिवारों को संस्कारित

**खंडवा।** श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज खंडवा द्वारा प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी अपने आराध्य गुरुवर भगवान श्री विश्वकर्मा जी का जयंती महोत्सव अत्यंत धूमधाम के साथ मनाया गया, समाज के संरक्षक चंद्रकांत मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि दो दिवसीय महोत्सव में दिनांक 16 सितंबर को रात्रि 8ः00 बजे मालवीय धर्मशाला लालचौकी में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया जिसमें रामायण मंडलों द्वारा सुमधुर भजनों की धुन पर सुंदरकांड का पाठ किया गया जिसमें अत्यधिक संख्या में सामाजिक सदस्य एवं महिलाएं सम्मिलित हुई। आयोजन के दूसरे दिन 17 सितंबर हो विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर प्रातः 8ः00 बजे गायत्री हवन एवं भगवान विश्वकर्मा जी की महाआरती की गई। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ द्वारा कुटुंब प्रबोधन विषय पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के श्री राम पटेल जी



एवं जिला मंत्री राजीव मालवीय द्वारा उपस्थित सामाजिक बंधु एवं मातृशक्ति को संस्कारीत होकर परिवार को एक सूत्र में संगठित रहने हेतु व्याख्यान दिया गया, इस अवसर पर अत्यधिक संख्या में सामाजिक सदस्यगण एवं मातृशक्ति ने आयोजन में भाग लिया। आयोजन पश्चात प्रातः 11 बजे सामूहिक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, अध्यक्ष निलेश मालवीय द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया, आयोजन में कार्यकारिणी समिति के संरक्षक अनिल विश्वकर्मा, प्रेमनारायण जोशी, उपाध्यक्ष राजेश मालवीय, विनोद मालवीय, महामंत्री राकेश मालवीय, सचिव योगेश मालवीय, कोषाध्यक्ष मनोज मालवीय, प्रबंधक द्वारकाप्रसाद मालवीय, पंडित प्रमोद मालवीय, कमलेश शर्मा, अंकित मालवीय, जितेंद्र मालवीय एवं कार्यकारिणी सदस्य महिला मंडल संरक्षक श्रीमती निर्मला सराफ, अध्यक्ष श्रीमती पूनम मालवीय, उपाध्यक्ष श्रीमती मृदुला मालवीय, श्रीमती मधु मालवीय, श्रीमती जय श्री मालवीय, श्रीमती पुष्पा मालवीय, महामंत्री श्रीमती शोभा मालवीय, सचिव श्रीमती आरती रामस्नेही, कोषाध्यक्ष श्रीमती संगीता व्यास एवं समस्त वरिष्ठ जन मातृशक्ति सामाजिक बंधु एवं भारतीय मजदूर संघ से उपस्थित रहे, अंत में आभार सचिव योगेश मालवीय द्वारा व्यक्त किया गया।

# हिन्दी भाषा के सम्मान एवं शुद्धता में अभिवृद्धि हेतु कार्यशाला में हिन्दी शुद्धि के गुर सीखे

**खंडवा।** माँ बच्चे की प्रथम गुरु होती है, उसकी हिन्दी शुद्धि का प्रभाव बच्चे पर भी पड़ता है। इसी उद्देश्य से प्रारंभ किए गए हिन्दी शुद्धि समूह की संचालिका श्रीमती सरोज ने कहा कि विगत छह माह से इस समूह में महिलाएँ व पुरुष हिन्दी शब्दों का चयन, वाक्य विन्यास, विराम चिन्ह, मात्राओं, अनुस्वार जैसी हिन्दी व्याकरण की बारीकियों का ज्ञान अर्जित कर रही हैं। कार्यशाला में प्रमुख वक्ता के रूप में एस. एन. कॉलेज की हिन्दी विभाग अध्यक्ष श्रीमती मोक्षदा जौहरी ने कहा कि हिन्दी में बोलने, पढ़ने, लिखने का गहरा संबंध है। यदि शुद्ध बोलना वह पढ़ना सीख लेंगे तो आपका लेखन स्वतः शुद्ध हो जाएगा अतः उच्चारण की शुद्धता पर जोर दें एवं पुस्तकें पढ़ने में रुचि बढ़ाएं। अतिथि वक्ता के रूप में गर्ल्स कॉलेज के प्रोफ़ेसर



डॉ.विनय जैन ने भाषा के सम्मान की बात करते हुए कहा कि हम हिन्दी के दायरे को विस्तृत करें। हिन्दी का सभी क्षेत्रों में प्रयोग बढ़ता जा रहा है न्यायालय में एवं चिकित्सकों द्वारा निदान लिखने में भी हिन्दी को अपनाना चाहिए ताकि सामान्य जन भी उसे समझ सकें। ललित कला स्कूल में हुए कार्यक्रम में वहाँ की संचालिका श्रीमती शकुंतला राठौड़ ने हिन्दी शुद्धि समूह के हिन्दी प्रेम , उनके प्रयासों एवं उत्साह की सराहना की। समूह के सदस्यों ने अपने अनुभव बताते हुए कहा कि सरोज जी के प्रयासों से हमने कई बातें सीखी वह हमारी हिन्दी में सुधार हुआ। नमिता जैन ने है और हैं के अंतर, सुषमा सेठी ने बिंदु व चंद्रबिंदु के प्रयोग,शीतल टोलिया ने हिंदी की गिनती, समीक्षा जैन ने शरीर के अंगो के हिन्दी नाम, हेमंत जैन ने हिंदी व्याकरण जानने की बात कही। सुनीता पाटनी ने हिन्दी पर स्वरचित कविता, सुनीता बम एवं अनिता सांड ने नाटिका के माध्यम से हिन्दी अपनाने का निवेदन किया। वक्ताओं को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम में शरद जैन, प्रवीण जैन, समूह की कार्यकर्ता दर्शना जैन,संजय पंचोलिया, निलेश मोता, इनरव्हील क्लब अध्यक्ष श्वेता गोयल , स्पार्कल अध्यक्ष संगीता जैन, मंडल सचिव आरती छाबड़ा, स्कूल की शिक्षिकाएँ, आकाशवाणी की युववाणी प्रस्तोता विभूति बोरसिया एवं चिन्मयी कुलकर्णी उपस्थित थीं। सेजल मेहता द्वारा आभार प्रदर्शन एवं संचालन प्रतिभा जैन द्वारा किया गया। समूह की सदस्य सुनीता खटोड़ को जन्मदिन की शुभकामनाएँ दी गई।

# छल–कपट की राजनीति है कांग्रेस की किसान न्याय यात्रा

### न्याय यात्रा नहीं, अन्नदाता से माफी मांगने 'क्षमा' यात्रा निकालें जीतू पटवारी: सांसद श्री पाटिल

**खंडवा।** कांग्रेस की किसान न्याय यात्रा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि कहा कि कांग्रेस के नेता चौबीसों घंटे झूठ बोलते हैं। छल-कपट की राजनीति करते हैं। कांग्रेस किसानों के साथ वादा-खिलाफी करती रही है और उसकी किसान न्याय यात्रा भी झूठ, छल-कपट की राजनीति ही है। कांग्रेस को तो किसान न्याय यात्रा की बजाय किसानों से क्षमा याचना के लिए 'क्षमा' यात्रा निकालना चाहिए। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि कहा कि कांग्रेस के लोग लगातार झूठ बोलते हैं। मध्यप्रदेश का अन्नदाता भली भांति जानता है कि कांग्रेस की कमलनाथ के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में जो सरकार बनी थी, वह भी झूठ बोलकर ही आई थी। बाद में 15 महीने कांग्रेस की यह सरकार रही, लेकिन उस सरकार ने किसानों के साथ वादा-खिलाफी की और किसी किसान का कर्ज माफ नहीं किया। भाजपा जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल ने बताया कि यह वही कांग्रेस पार्टी है, जिसकी दिग्विजयसिंह सरकार ने मुलताई में धरना-प्रदर्शन कर रहे किसानों पर गोलियां चलवा दी थी। यह वहीं कांग्रेस है, जिसने कई सालों तक न्यूनतम समर्थन मूल्य के बारे में स्वामीनाथन कमेटी की अनुशंसाओं को लागू नहीं किया। किसान विरोधी कांग्रेस पार्टी ने दशकों के अपने शासन में देश के अन्नदाताओं को मजबूर बनाए रखा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की इस यात्रा को न तो किसानों का समर्थन मिल रहा है और न ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं का। इसलिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ट्रैक्टर रोकने जैसे बहाने बनाकर अपनी असफलता को छिपा रहे हैं।

# आशीष चौधरी बने सिद्धवरकूट सिद्ध क्षेत्र के आजीवन ट्रस्टी

**खंडवा /सिद्धवरकूट।** जैन समाज के युवा समाजसेवी आशीष चौधरी को सिद्ध क्षेत्र सिद्धवरकूट जिला खंडवा का आजीवन ट्रस्टी मनोनित किया है ।

उक्त जानकारी ट्रस्ट अध्यक्ष अमित कुमार सिंह कासलीवाल ने ओंकार बाग मोरटक्का में आयोजित कलशाभिषेक समारोह में देते हुए बताया कि ट्रस्ट के रिक्त पदों पर ट्रस्ट कमेटी ने सर्व सम्मति से चार ट्रस्टी मनोनित किए हैं। क्षेत्र के प्रति समर्पित आशीष चौधरी सनावद,विजय काला,कैलाश जैन मोटाघर ,सुभाष सामरिया प्रेम टेक्स टाइल बड़वाह, को ट्रस्ट कमेटी में मनोनित किया गया है। इस नियुक्ति पर समाजजन, परिवारजन ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है। प्रेमांशु चौधरी ने बताया कि उल्लेखनीय हैं कि आशीष चौधरी सनावद सिद्ध क्षेत्र पावागिरि ऊन के ट्रस्टी ,महावीर ट्रस्ट मध्य प्रदेश के मंत्री ,डोंगरे महाराज ट्रस्ट में ट्रस्टी,राय बहादुर सेठ ओंकार जी कस्तूरचंद पारमार्थिक संस्था के मंत्री ,दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भारतीय जैन संगठन जिला खरगोन के संरक्षक,मालवा प्रांतिक सभा ,सिद्ध क्षेत्र बावनगजा,अतिशय क्षेत्र मक्सी , सराफा एसोशिएशन अध्यक्ष आदि विभिन्न पदों पर अपनी सेवा दे रहे हैं। आज होगा इस मारिका तुलसी उत्सव पुण्यतिथि समिति कल होने वाले अखिल भारतीय हास्यकवि सम्मेलन में अपने 100 वर्ष पूर्ण करते हुए एक स्मारिका का प्रकाशन किया गया है जिसका विमोचन मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष एवं विशेष अतिथि के हाथों से किया जाएगा ।

इस्मारी का का नाम तुलसी-मंजरी है इसमें पिछले वर्षो केइतिहासों के बारे में लेख एवं चित्र सजे सजाय गए हैं एवं जिन महानुभावों ने अपना समय दिया है उन लोगों को भी स्थान दिया गया है जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी एवं सम्मानित कवि गण की शुभकामनाएं संदेशों के साथ यह इस्मारिका का प्रकाशन तुलसी मंजरी के रूप में किया जाएगा ।

### पत्रकारिता में किंग भी भूमिका में है कंटेंट

# एमसीयू के खंडवा परिसर कर्मवीर विद्यापीठ में आयोजित हुए विशेषज्ञ व्याख्यान

**खंडवा।** आज की पत्रकारिता में कंटेंट किंग की भूमिका निभा रहा है। आप कंटेंट को रीडर फ्रेंडली बनाते हैं तो इस क्षेत्र में यही आपकी सफलता है। भविष्य की पत्रकारिता में कंटेंट बेस्ड मटेरियल की जरूरत है।

आप पत्रकारिता की पढ़ाई कर रहे हैं आज से ही यह तय कर लीजिए कि आपको पत्रकारिता की किस फील्ड या बीट में काम करना है और आज ही से उसके लिए कंटेंट एकत्र करना शुरू कर दीजिए। यह बात राजस्थान पत्रिका के खंडवा एडिशन संपादक श्री हरिनाथ द्विवेदी ने पत्रकारिता की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों से कही। वे माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के खंडवा परिसर कर्मवीर विद्यापीठ में विशेषज्ञ के तौर पर व्याख्यान दे रहे थे। उन्होंने कहा किसी भी खबर के चार पक्ष होते हैं चार तरफ खड़े पत्रकार खबर को अपनी नजर से देखते हैं और उसे उसी तरह पेश करते हैं। यह सभी अपनी जगह सही होते हैं लेकिन नजरिया अलग होता है। सत्र की अध्यक्षता कर्मवीर विद्यापीठ के प्रभारी प्रो. डॉ. मनोज निवारिया ने की। उन्होंने पत्रकारिता के विद्यार्थियों के साथ ही कम्प्यूटर की शिक्षा लेकर विद्यार्थियों से कहा आप किसी भी विषय में स्नातक या स्नात्कोत्तर कर रहे हों विशेषज्ञों द्वारा कही जाने वाली बात को ध्यान से सुनें ताकि आप भी पत्रकारिता में अपना भविष्य तलाश सकें।

अतिथि व्याख्याता श्री प्रमोद सिन्हा ने सत्र की रूपरेखा पेश की। सत्र का संचालन अतिथि व्याख्याता श्री आसिफ सिद्दीकी ने किया। इस मौके पर अतिथि व्याख्याता श्री निशात सिद्दीकी, श्री हर्ष उपाध्याय, श्री जितेन्द्र यादव, श्री प्रांजल सोहानी, सुश्री पूजा पाटीदार, ओमप्रकाश चौरे मौजूद थे। व्खाख्यान पश्चात प्रशनोत्तरी का सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में विद्यार्थियों ने श्री द्विवेदी से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।

# न्यायालय की रिपोर्टिंग करते समय पत्रकारों को अब ज्यादा सतर्क रहने की आवश्यकता

**खंडवा।** न्यायालय के आदेश और निर्णय की रिपोर्टिंग करते समय पत्रकारों को ज्यादा सावधानी बरतनी की आवश्यकता है। जानकारी के अभाव में पत्रकार अपनी रिपोर्टिंग में ऐसे तथ्यों का समावेश कर देते हैं जिससे पीड़ित पक्ष को न्याय मिलने और आरोपित पक्ष को अपना बचाव करने के मौके मिल जाते हैं। खासकर महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराधों में पत्रकारों को पीड़ित पक्ष की किसी भी तरह से पहचान उजागर नहीं करना चाहिए। यह बात कर्मवीर विद्यापीठ में पत्रकारिता के छात्रों के लिए आयोजित विशेष व्याख्यान में सहायक लोक अभियोजन अधिकारी हरिप्रसाद बांके ने कही। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के खंडवा परिसर ÷कर्मवीर विद्यापीठ÷ में पत्रकारिता की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के लिए विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया । न्याय दान में लोक अभियोजन अधिकारी की भूमिका और न्यायालयीन आदेश और निर्णयों की रिपोर्टिंग में सतर्कता विषय पर सहायक लोक अभियोजन अधिकारी हरिप्रसाद बांके ने एक जुलाई 2024 से लागू तीन नए कानून के संदर्भ में विद्यार्थियों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा



संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में विस्तार से बताते हुए श्री बांके बताया कि नया कानून दंड के बजाए पर न्याय केंद्रित है। इन कानूनों के लागू होने के बाद तुरंत न्याय प्राप्त करने की संभावना बड़ी है। इन कानून में पुलिस इन्वेस्टिगेशन से लेकर आरोप पत्र दाखिल होने तक प्रत्येक चरण में विशेष प्रावधान किए गए हैं। साथ ही समय सीमा भी तय की गई है। न्याय की प्रक्रिया में डिजिटल कम्युनिकेशन को भी महत्वपूर्ण अंग माना गया है। आतंकवाद, राजद्रोह और मॉब लिंचिंग जैसे अपराधों के बारे में भी विशेष प्रावधान किए गए हैं। श्री बांके ने बताया कि इन कानूनों में महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों के लिए विशेष और कठोर दण्ड के प्रावधान किए गए है। साथ ही तुरंत न्याय मिलने के लिए समय सीमा भी तय की गई है। बांके ने बताया कि महिलाओं एवं नाबालिग बच्चों से संबंधित अपराध के मामले में रिपोर्टिंग करते समय पत्रकारों को विशेष सावधानी बरतनी की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह से पीड़ित पक्ष की पहचान उजागर नहीं होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने इसके लिए पहले ही दिशा निर्देश तय किए हैं। यदि रिपोर्टिंग के दौरान इन निर्देशों का उल्लंघन होता है तो पत्रकारों को भी न्यायालयीन प्रक्रिया का सामना करना पड़ सकता है। विशेष व्याख्यान के अंत में श्री बांके ने विद्यार्थियों की जिज्ञासा से संबंधित प्रश्नों के जवाब भी दिए। इस अवसर पर विद्यापीठ के प्रभारी निदेशक प्रो. डॉ. मनोज निवारिया, अतिथि शिक्षक डॉ. प्रमोद सिन्हा,आसिफ सिद्धिकी , हर्ष उपाध्याय , निशात सिद्धिकी ,जितेंद्र यादव , प्रांजल सुहानी, पूजा पाटीदार, ओम प्रकाश चौरे एवं सहयोगी स्टाफ मौजूद था । कार्यक्रम के अंत में विद्यापीठ की ओर से श्री बांके को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

# अभी से मिशन 2028-29 की तैयारी में जुटी भाजपा

## अब बूथ स्तर पर महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर

इंदौर। मप्र में विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव में मिली भारी जीत से भाजपा सरकार कॉन्फिडेंस में है। पार्टी का अभी से 2028-29 के चुनाव पर फोकस है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विजन डॉक्यूमेंट 2028 तैयार करने के निर्देश दिए है। विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने की गाइडलाइन कलेक्टरों तक पहुंची है। विजन डॉक्यूमेंट 2028 विधानसभा वार तैयार किया जाएगा। वहीं वोट बैंक बढ़ाने पर भी फोकस है। इसके लिए महिलाओं के रुझान से अपनी सत्ता बरकरार रखने में कामयाब रही भाजपा मध्य प्रदेश में अब बूथ स्तर पर भी महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर फोकस कर रही है।



गौरतलब है कि पिछले वर्ष हुए विधानसभा चुनाव को लेकर सारे अनुमान तक ध्वस्त हो गए थे, जब परिणाम एकतरफा भाजपा के पक्ष में आए। इसकी बड़ी वजह महिलाओं का बड़ा समर्थन मिलना माना गया। इसमें केंद्र से लेकर प्रदेश सरकार तक की कई योजनाओं के साथ बड़ी भूमिका लाड़ली बहना योजना की भी मानी गई। ऐसे में पार्टी ने संगठन पर्व के तहत जारी सदस्यता अभियान का रुख भी महिलाओं को बड़ी संख्या में पार्टी से जोडने् पर मोड़ दिया है।

लोकसभा और राज्यसभा से नारी शक्ति वंदन विधेयक पारित होने और महिलाओं को आरक्षण संबंधी कानून बनने के बाद उन्हें लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा, जबकि अब तक किसी राजनीतिक दल ने 15 प्रतिशत टिकट भी महिलाओं को नहीं दिया। ऐसे में भाजपा का जोर अधिक से अधिक महिला सदस्य बनाने पर है।

### हर बूथ पर 30 प्रतिशत से अधिक का लक्ष्य

भाजपा हर बूथ पर 30 प्रतिशत से अधिक सदस्य बनाएगी। पार्टी के रणनीतिकार संभागीय स्तर से लेकर नीचे तक कार्यकर्ताओं को समझा रहे हैं कि 2028 के विधानसभा और 2029 के लोकसभा चुनाव महिला आरक्षण के साथ हो सकते हैं, इसलिए अधिक से अधिक महिला सदस्य बनाकर महिला नेतृत्व को मजबूत करना है। मध्य प्रदेश में इसकी कवायद शुरू कर दी गई है। भाजपा ने मध्य प्रदेश में पिछली बार 98 लाख सदस्य तो बनाए लेकिन उसमें महिलाओं की संख्या अपेक्षाकृत कम थी। इस वर्ष भाजपा डेढ़ करोड़ सदस्यों में 30 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी रखेगी।

हर जिले में महिला मोर्चा से कहा गया है कि वे कम से कम एक लाख सदस्य अपने जिले से बनाएं। प्रदेश में बीते 15 वर्ष में गठित तीन विधानसभा में महिला विधायकों की संख्या का विश्लेषण करें, तो वर्ष 2013 में गठित 14वीं विधानसभा ही ऐसी थी, जिसमें कुल 230 सदस्यों में महिला विधायकों की संख्या 32 यानी लगभग 14 प्रतिशत थी। यह संख्या 15वीं विधानसभा (वर्ष 2018) में घटकर नौ प्रतिशत यानी महिला विधायकों की संख्या घटकर 21 हो गई थी। 2008 में 24 महिला विधायक थीं। यह 2024 में बढकर 27 यानी 12 प्रतिशत हो गई।


मप्र में स्थानीय सरकार में महिलाओं की भागीदारी निरंतर बढ़ रही है। पंचायत और नगरीय निकाय जैसी संस्थाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने 50 प्रतिशत महिला आरक्षण दिया है, लेकिन यहां 60 प्रतिशत महिलाएं चुनाव जीतकर प्रतिनिधित्व कर रही हैं।

यही स्थिति नगर निगमों की है। प्रदेश के 16 नगर निगमों में नौ महिला महापौर हैं। मप्र भाजपा की प्रवक्ता नेहा बग्गा का कहना है कि भाजपा ने महिलाओं को आर्थिक सामाजिक एवं राजनीतिक तौर पर सशक्त किया है। संगठन पर्व पर भाजपा महिला लाभार्थी, स्टूडेंट गृहिणियों, प्रोफेशनल्स सभी से संपर्क कर उनको सदस्य बनाएगी।

# अब अगले साल ही नेताओं को मिलेगा 'कुर्सी' का सुख

## निगम-मंडलों में राजनीतिक नियुक्ति पर लगा ब्रेक

**भोपाल।** मप्र में लंबे समय से राजनीतिक पुनर्वास का इंतजार कर रहे नेताओं को फिर निराशा हाथ लग सकती है। इस निराशा की वजह यह है कि भाजपा ने फिलहाल निगम मंडलों की नियुक्तियों को होल्ड कर दिया है। संभवत- संगठन चुनाव के बाद ही निगम-मंडल और प्राधिकरणों में अध्यक्ष, उपाध्यक्षों और सदस्यों की नियुक्ति होगी। यानी अब अगले वर्ष 2025 में ही भाजपा नेताओं को राजनीतिक कुर्सी का सुख मिल पाएगा।



गौरतलब है कि प्रदेश में लंबे समय से निगम-मंडल, बोर्ड, आयोग और विकास प्राधिकरणों में ताजपोशी का इंतजार कर रहे है। तकरीबन 8 माह बाद नेताओं को उम्मीद जगी थी कि उन्हें निगम-मंडलों में नियुक्ति मिल जाएगी। लेकिन जिस तरह का संकेत मिल रहा है, उसके अनुसार भाजपा नेताओं को अभी और इंतजार करना होगा। भाजपा अब संगठन चुनाव के बाद ही इस मामले में आगे बढ़ेगी। ऐसे में लोकसभा चुनाव के बाद से निगम-मंडल, बोर्ड और प्राधिकरणों में ताजपोशी का सपना पाले बैठे नेताओं को अगले साल तक इंतजार करना पड़ेगा।

### अब संगठन चुनाव के बाद नियुक्ति

सत्ता और संगठन ने निगम- मंडल, बोर्ड और प्राधिकरणों में इस साल इन सार्वजनिक उपक्रमों में राजनीतिक नियुक्तियां ना करने का फैसला किया है। यह फैसला भाजपा के दिल्ली में बैठे आला नेताओं से चर्चा करने के बाद लिया गया है। पिछले छह महीने से इन पदों के लिए सक्रिय दावेदारों को सत्ता और संगठन ने साफ संकेत दे दिए हैं कि अब संगठन चुनाव के बाद ही इन पर विचार किया जाएगा। यही वजह है कि पिछले दिनों सरकार ने मंत्रियों को निगम मंडलों का प्रभार देने का फैसला किया था। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव में जो नेता किन्हीं कारणों से टिकट से वंचित रह गए थे। वे लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद से ही निगम-मंडल समेत अन्य उपक्रमों में नियुक्ति का इंतजार कर रहे हैं। इनमें संगठन से जुड़े प्रदेश पदाधिकारी से लेकर पूर्व सांसद और विधायक भी शामिल हैं। इन नेताओं को उम्मीद थी कि लोकसभा चुनाव संपन्न हो जाने के बाद पार्टी उनके नामों पर विचार करेगी। चुनाव के बाद पार्टी ने इस पर विचार भी शुरू किया और संभाग प्रभारियों से चर्चा कर जिलों से नाम भी निकाले गए। कुछ बड़े नाम स्वभाविक रूप से संगठन की भी नजर में थे।

### दो दर्जन नामों पर हो चुकी है चर्चा

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद सत्ता और संगठन ने निगम-मंडलों में राजनीतिक नियुक्ति को लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी थी। सूत्रों की मानें तो करीब दो दर्जन नामों को लेकर दिल्ली में केंद्रीय संगठन के आला नेताओं से चर्चा भी की गई पर इसके बाद तय हुआ कि सबसे पहले पार्टी सदस्यता अभियान पर फोकस करेगी। इसके बाद संगठन चुनाव कराए जाएंगे।

इसके बाद ही इन नियुक्तियों पर विचार किया जाएगा। भाजपा का सदस्यता अभियान इन दिनों चल रहा है। पार्टी ने इसके लिए विधायकों से लेकर मेयर और अन्य नेताओं को टारगेट दिया है। मध्यप्रदेश में डेढ़ करोड़ सदस्य बनाए जाने का लक्ष्य पार्टी ने लिया है। इस अभियान का पहला चरण 25 सितम्बर को समाप्त हो रहा है, इसके बाद दूसरा चरण शुरू होगा जो 15 अक्टूबर तक चलेगा। सदस्यता अभियान से निपटने के बाद भाजपा संगठन चुनाव में लगेगी। इसमें सबसे पहले बूथ, फिर शक्ति केन्द्र, मंडल और जिलों में चुनाव होंगे। इसके बाद प्रदेश संगठन के चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी। भाजपा ने यह भी तय किया है कि बूथ से लेकर मंडल तक में पदाधिकारी बनने के लिए कार्यकर्ता को कम से कम सौ सदस्य बनाना होंगे।

### परफार्मेन्स आधार पर होगी नियुक्ति

पार्टी ने यह भी तय किया है कि सदस्यता अभियान में किस नेता का कैसा परफार्मेन्स रहा है यह उसके पद देने का आधार रहेगा। संगठन सूत्रों की मानें तो साधारण तौर पर नए साल तक निगम मंडलों की नियुक्ति पर विराम है पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से आए नाम अपवाद होंगे। इसक अलावा राज्य महिला आयोग, बाल आयोग समेत कुछ आयोगों में काम की गति को बढ़ाने के लिए इनमें अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति की जा सकती है।

हालांकि इसमें भी बेहद जरूरी नियुक्तियां ही की जाएंगी। प्रदेश में खाली पड़े निगम-मंडल, बोर्ड, आयोग और विकास प्राधिकरणों में नियुक्ति चाहने वाले नेताओं की लंबी कतार है। जो पिछली सरकार में मंत्री थे, लेकिन इस बार उन्हें मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिल सकी है, वह भी निगम मंडलों में अपनी नियुक्ति चाहते हैं, जिससे क्षेत्र में उनका प्रभाव बना रहें। हालांकि विधायकों को निगम मंडलों में जगह मिले इसकी संभावना कम ही है। हालांकि शिवराज सरकार में दो विधायकों को निगम मंडल की जिम्मेवारी दी गई थी।

भाजपा में कांग्रेस से आए कई नेता जिनमें पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, इंदौर के पूर्व विधायक संजय शुक्ला, पाटन के पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी, अभी हाल ही में अमरवाडा विधानसभा से भाजपा के टिकट पर जीत कर आप कमलेश शाह, लोकसभा चुनाव के समय भाजपा में आए छिंदवाड़ा में कमलनाथ के सबसे खास माने जाने वाले दीपक सक्सेना के अलावा कई ऐसे नेता हैं, जो लोकसभा चुनाव के पहले भाजपा में आए थे। उन्हें अभी और इंतजार करना होगा।

# कांग्रेस की केन्द्रीय टीम में बढ़ेगा मप्र का रुतबा

## राहुल की पसंद के नेताओं को मिलेगी अहम जिम्मेदारी

इंदौर। टीम खडगे़ में मप्र के कांग्रेस नेताओं का रुतवा लगातार बढ़ रहा है। माना जा रहा है कि राष्ट्रीय सचिव के बाद अब महासचिवों की नियुक्ति होने जा रही है। इसमें भी मप्र का जलवा रहने वाला है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि प्रदेश के तीन नेताओं को बेहद अहम जिम्मेदारी मिलना तय है। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को जहां राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बनाया जा सकता है, वहीं पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव और पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन को राष्ट्रीय महासचिव बनाकर किसी राज्य का प्रभार दिया जा सकता है।



यादव व नटराजन लंबे समय से पार्टी संगठन से बाहर चल रहे हैं। दरअसल यह दोनों ही नेता राहुल गांधी के करीबी नेताओं में माने जाते हैं। इन दोनों ही नेताओं को पार्टी ने हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में भी टिकट नहीं दिया था, जिसकी वजह से वे उपेक्षित महसूस कर रहे थे। गौरतलब है कि हाल ही में राष्ट्रीय स्तर पर सचिवों की नियुक्तियों में भी प्रदेश को महत्व दिया गया है। प्रदेश के पांच नेताओं को सचिव बनाया गया है।

इनमें सत्यनारायण पटेल (इंदौर) को उत्तर प्रदेश, कुणाल चौधरी (कलापीपल) को महाराष्ट्र, भूपेंद्र मरावी (शाहपुरा) को गुजरात, मनोज चौहान (सीधी) को हरियाणा, नीलांशु चतुर्वेदी (चित्रकूट) के नाम शामिल हैं। इस बार लोकसभा चुनाव में जिस तरह से कांग्रेस को सफलता मिली है, उससे कांग्रेस आलाकमान के अलावा कांग्रेस नेताओं में अलग तरह का उत्साह है। यही वजह है कि अब कांग्रेस अपनी नई टीम में युवाओं को भी शामिल कर उनकी ऊर्जा का उपयोग करना चाहती है। अरुण यादव को संगठन में महत्वपूर्ण पद देकर कांग्रेस प्रदेश में भाजपा के लिए चुनौती पैदा करना चाहती है।

यादव कांग्रेस में सबसे बड़े पिछड़ा वर्ग का चेहरा हैं। उनकी निमाड़ इलाके में अच्छी पकड़ मानी जाती है। इसके अलावा उनका यादव समाज पर भी प्रभाव माना जाता है। वे पहले भी संगठन में का कर चुके हैं। पूर्व में भी वे पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रह चुके हैं। इसके अलावा वे केन्द्र में मंत्री भी रहे हैं। उनकी कार्यशैली सभी को साथ लेकर चलने की है।

गांधी परिवार को लेकर वे समय-समय पर भाजपा पर हमला करने में भी पीछे नहीं रहते हैं। उनकी छवि एक किसान नेता के रूप में भी है। इसी तरह से मीनाक्षी नटराजन को भी संगठन में काम करने का पुराना अनुभव है। वे युवा कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष और कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव रह चुकी हैं। इसके अलावा वे एक बार 2009 में मंदसौर लोकसभा क्षेत्र से सांसद भी चुनी जा चुकी हैं। उन्हें बेहद लो प्रोफाइल लीडर माना जाता है। वे सभी को साथ लेकर चलने वाली नेता मानी जाती हैं। यही वजह है कि पार्टी इन दोनों युवा नेताओं को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने की तैयारी कर ली गई हैं।

### कमलनाथ के हाथ रहेगी खजाने की कमान

सियासी गलियारों में पूर्व सीएम कमलनाथ को कांग्रेस का राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बनाए जाने की चर्चा पूरे जोरों पर है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि पार्टी मानती है कि कमलनाथ देश भर के बड़े उद्योगपतियों से संबंधों के चलते पार्टी के लिए फंड की व्यवस्था आसानी से कर सकते हैं। वैसे भी इस समय पार्टी को अपने खजाने को भरने की बेहद जरूरत महसूस की जा रही है।

यही वजह है कि राष्ट्रीय नेतृत्व उन्हें कोषाध्यक्ष बनाए जाने पर बेहद गंभीरता से विचार कर रही है। हाल में दिल्ली में कमलनाथ की पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात को भी इसी दृष्टि से देखा जा रहा है। फिलहाल वर्तमान में कमलनाथ के पास संगठन में कोई जिम्मेदारी नही है। वे पूर्व में लंबे समय तक पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और कई बार केन्द्रीय मंत्री रह चुके हैं। उन्हें संगठन के अलावा सरकार में काम करने का बड़ा अनुभव है।

# शहर को मिलेगी एक और फ्लाई ओवर की सौगात, मुख्यमंत्री डॉ. यादव जल्द करेंगे भूमि-पूजन

**भोपाल, राष्ट्रीय जनभावना।**

सहकारिता एवं खेल व युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने प्रभात चौराहे पर प्रस्तावित फ्लाय ओवर ब्रिज निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। मंत्री श्री सारंग ने बताया कि प्रभात चौराहे पर नीचे ट्राफिक, ऊपर फ्लाय ओवर और उसके ऊपर मेट्रो भी चलेगी। इससे रहवासियों को आवागमन में सुविधा होगी।





### रेलवे स्टेशन जाना होगा सुगम

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि यह क्षेत्र के रहवासी सहित भोपाल और बीएचईएल के लोगों के लिये सौगात है। इस सुविधा से ट्राफिक और रेल्वे स्टेशन की ओर जाने वाले लोगों को राहत मिलेगी। मंत्री श्री सारंग ने प्रस्तावित स्थल का जिला प्रशासन के अधिकारियों सहित पीडबल्यूडी ब्रिज, मेट्रो, नगर निगम, विद्युत वितरण कंपनी, पुलिस और राजस्व के अधिकारियों के साथ संयुक्त दौरा किया।

### समिति करेगी विभागीय समन्वय

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने के लिये समिति बनाई गई है। यह समिति सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य को गति देगी। समिति संबंधित विभागों के साथ समय-समय पर बैठक करेगी और एक टाइम लाइन बनायेगी। लगभग 8 से 9 माह में फ्लाय ओवर तैयार करने की योजना है। उसके बाद जल्द मेट्रो रूट पर भी आ जायेगी।

मंत्री श्री सारंग ने बताया कि भोपाल के लिये इस सौगात का कार्य एक वृहद कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भूमि-पूजन कर करेंगे। उन्होंने बताया कि आईटीआई तिराहे से बोगदा पुल तक आरओबी के विकास की योजना में सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य करेंगे। समिति कार्य में आ रही बाधाओं एवं कठिनाईयों को सामने लाकर दूर करने का प्रयास करेगी। ग्रेड सेपरेशन और मेट्रो की कार्य योजना को एक-दो दिन में फाइनल किया जायेगा।

### लेफ्ट टर्न क्लियरेंस पर ध्यान

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि उपरोक्त कार्य में प्राथमिकता के आधार पर लेफ्ट टर्न क्लियर विकास पर ध्यान दिया जायेगा। मेट्रो तथा पीडबल्यूडी आपसी समन्वय के साथ कार्य करेंगे। मंत्री श्री सारंग ने केपिटल पट्रोल पंप के पास स्थित नाले पर पुलिया के चौड़ीकरण तथा सर्विस रोड़ का कार्य तत्काल शुरू करने के निर्देश लोक निर्माण अधिकारियों को दिये। इस मौके पर महापौर श्रीमती मालती राय सहित अन्य जन-प्रतिनिधि और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# अब मंत्री- विधायक सीधे फंड नहीं कर सकेंगे इस्तेमाल

## अनुमति लेना अनिवार्य, गाइडलाइन जारी

इंदौर। मध्यप्रदेश में अब विधायक और मंत्री सीधे नई योजना के तहत फंड का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। माननीयों के निर्देश पर विभाग के अधिकारी नई योजना के लिए फंड का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। नई योजनाओं के लिए कैबिनेट की स्वीकृति वित्त विभाग ने अनिवार्य कर दिया है।

इसके लिए वित्त विभाग ने सभी अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिए है। साल 2024- 25 के बजट में खर्च और बजट आवंटन को लेकर गाइडलाइन जारी कर दी गई है। बता दें कि आर्थिक संकट के बीच दो दर्जन से अधिक विभागों की योजनाओं के लिए अनुमति अनिवार्य लेना किया था

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड,
इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com